26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 14 मार्च, 2026

अंक- 139 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# धामपुर में संघ कार्यवाह के घर में घुसकर हमला

## एक बदमाश मौके पर ही पकड़ा गया

## लाखों की नकदी व आभूषण लूटने का आरोप

धामपुर (चिंगारी)। आज तड़के लगभग साढ़े तीन बजे पुराना धामपुर निवासी राष्ट्रीय स्वयं संघ के जिला कार्यवाह विपिन कुमार एवं जनसेवा केंद्र संचालक अमित शर्मा के घर में घुसकर बदमाशों ने फायरिंग सनसनी फैला दी। परिवार का आरोप है कि बदमाशों ने घर में लूटपाट भी की। घटना से पुलिस प्रशासन में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पाण्डेय और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एक बदमाश को मौके पर ही पकड़ लिया। क्षेत्रीय विधायक अशोक राणा भी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गये। जिले के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने भी धामपुर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और पुलिस को आवश्यक निर्देश दिये।



शर्मा निवास, जहां हमला किया गया।

जनसेवा केंद्र का संचालन करने वाले अमित शर्मा ने बताया कि आज तड़के साढ़े तीन बजे बदमाशों ने उनके घर पर फायरिंग की। अमित शर्मा की पत्नी पूजा शर्मा ने बताया कि वह फर्स्ट फ्लोर पर अपनी बेटी आराध्या शर्मा व पुत्र माधव शर्मा के साथ कमरे में सो रही थीं। फायरिंग की आवाज सुनकर उठीं तो देखा कि छज्जे पर सीढ़ी लगाकर बदमाश ऊपर छत पर पहुंच गये। उन्होंने तुरंत पुलिस को फोन किया।

विस्तृत खबर पेज 11 पर

# अमेरिका ने ईरानी नेतृत्व पर घोषित किया एक करोड़ डॉलर का इनाम

वॉशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)। अमेरिका ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई समेत कई प्रमुख नेताओं की जानकारी देने वाले को एक करोड़ डॉलर तक के इनाम की घोषणा की है। यह घोषणा शुक्रवार को अमेरिकी विदेश मंत्रालय के रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस कार्यक्रम के तहत की गयी है। इसमे विशेष रूप से उन अधिकारियों को लक्षित किया गया है जो ईरान की सत्ता और सैन्य तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



सांवलिया सेठ
(श्याम बाबा) के
दर्शन करें।
प्राचीन शिव मंदिर
अग्रवाल धर्मशाला
रम्मू का चौराहा, बिजनौर
मो. 9927652453

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
We Are Hiring
PGT (ALL SUBJECTS)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.Ed/M.P.Ed)
बिजनौर से कोतवाली आने जाने के लिए ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध है।
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019, 9634289199

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें
Mob. 7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह. -चान्दपुर, जिला-बिजनौर

TARANG
IMAGING CENTRE
The Rhythm Of Right Diagnosis!
तरंग इमेजिंग सेंटर
डॉ.अरविंद कुमार शर्मा
(भूतपूर्व डॉ.भारतीय सशस्त्र सेना)
एम.डी मेडिसिन मुंबई
फैलोशिप इन डायबिटीज
सीनियर कंसल्टेंट्स मेडिसिन
कैलाश अस्पताल, जेवर
मिले पहले व तीसरे रविवार को
सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 तक
Add: Tarang Imaging Centre (CT Scan-MRI & Ultrasound Centre)



Shakti Nagar, Bairaj Road (Bijnor) U.P. Mob. No. 9429508361

# सबसे पहले करें ग़रीबों की ईद की व्यवस्थाः मौलाना अनवारुल हक




ग़रीबों को ईद की किट वितरित करते मौलाना अनवारूल हक।

## विश्व मानवाधिकार परिषद ने ईद किट का वितरण किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। विश्व मानवाधिकार परिषद की तरफ से नई बस्ती नजीबाबाद में मोहम्मद असलम के आवास पर गरीबों को ईद किट का वितरण किया गया, मौलाना अनवारुल हक ने कहा कि ईद का चांद देखने से पहले अपनी बस्ती में ऐसे घर तलाश करें, जिनमें अभी तक ईद की व्यवस्था नहीं हुई है। विशेष तौर पर उनकी मदद जरूर करें जिनके परिवार के जिम्मेदार लोग जेल के अंदर बंद हैं। उन्होंने कहा कि उस बस्ती पर खुदा की रहमत नहीं बरसती है, जिस बस्ती में सभी लोग ईद तो मनाएं, मगर एक गरीब मजबूर परिवार की ईद की व्यवस्था न होने के कारण अपनी बेबसी पर आंसू बहाता रहे। राष्ट्रीय सचिव तहसीम अहमद ने कहा कि पूर्व सालों की तरह इस साल भी विश्व मानवधिकार परिषद देश-प्रदेश की अलग-अलग जेल में बंद निर्दोष कैदियों की मदद कर रहा है, उनके परिवारों की ईद की व्यवस्था का काम कर रहा है। किसी मजबूर की मदद करना सबसे बड़ी इंसानियत व बड़ा धर्म है। जिला महासचिव एडवोकेट मौ. मोहसिन ने कहा कि अगर जिंदगी में खुशी हासिल करना चाहते हो तो गरीबों की मदद करना शुरू कर दो। दौलत से शोहरत, तरक्की तो मिल सकती है, मगर दिल का सुकून नहीं। विश्व मानवाधिकार परिषद की पूरी टीम निर्दोष लोगों की हर तरह से मदद करने के लिए तैयार है। इस मौके पर मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष आदिल इरफान, हाफिज अनवार, महबूब कस्सार, इमरान मंसूरी, नसीम अहमद, इंतजार अहमद, मौ. फय्याज, कासिम प्रधान, मोहम्मद आरिफ, शाहजेब, मोहम्मद अशरफ, अकदस आदि पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## जयंती पर दादी हृदयमोहिनी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये

नजीबाबाद (चिंगारी)। प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के रमेशनगर स्थित केंद्र पर राजयोगिनी दादी हृदयमोहिनी का पांचवां पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। इस मौके पर ब्रहमाकुमारी बहनों ने बताया कि दादी हृदय मोहिनी जिन्हें प्यार से बापदादा गुलजार कहते थे। 18 जनवरी 1969 को ब्रह्मा बाबा के अव्यक्त होने के पश्चात आप अव्यक्त बापदादा के साकार माध्यम बनें। आप द्वारा लाखों आत्माओं ने प्रभु से मंगल मिलन मनाया। आप सरलता, पवित्रता, मधुरता एवं गंभीरता की साक्षात प्रतिमूर्ति थी। वह सभी ब्रह्मवत्सों को बाप दादा की भासना दे देती थी। वह बहुत अच्छी रिफाइन क्लास कराती थी। उनकी दृष्टि बाबा की याद दिलाती थी ऐसी सृष्टि की आधार स्तंभ में से एक परम श्रद्धेय दादी हृदय मोहिनी के पावन पुण्य स्मृति दिवस पर ब्रहमाकुमारी बहनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें शत शत नमन किया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी शालू बहन, ब्रह्माकुमारी राशि बहन व अन्य भाई बहने सुमन वर्मा, राठी, सीमा, रीता, भाई उमेश, भाई अरुण ने दादी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



दादी हृदयमोहिनी को श्रद्धासुमन अर्पित करतीं केंद्र की बहनें।

## कांशीराम जयंती कार्यक्रम सफल बनाने का संकल्प लिया




कार्यकर्ताओं का माल्यार्पण कर स्वागत करते खुर्शीद मंसूरी।

नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी के मोटाआम स्थित कैम्प कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 15 मार्च को बिजनौर में मान्यवर कांशीराम की जयंती के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन एवं मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर उसे ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रदेश कोर कमेटी सदस्य भीम सेन हल्दिया, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष प्रशांत महासागर, नजीबाबाद विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, अयाज अंसारी, सुखबीर प्रधान, ओमवीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, वाजिद मकरानी, साबू प्रधान, सभासद मौ. अच्छन राईन, शमशीद प्रधान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



गैरसैंण बजट सत्र के पांचवें दिन के दौरान माहौल हुआ शायराना ( पेज 12 )



# बिजनौर में किराना व्यापारी के फ्लैट में दिनदहाड़े चोरी

## पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, चोरों की तलाश जारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर के प्रमुख किराना व्यापारी अमित अग्रवाल के मोहल्ला नई बस्ती में नीलकमल रोड पर स्थित फ्लैट में कल दिनदहाड़े लाखों की चोरी हो गई। घटना से पुलिस प्रशासन में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही एएसपी सिटी डा. केजी सिंह व थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बारीकी से जांच की। पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। समाचार दिये जाने तक चोरी का खुलासा नहीं हो सका।



घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए एएसपी सिटी व थानाध्यक्ष

अमित अग्रवाल का सदर बाजार में किराने का बड़ा प्रतिष्ठान है। वह परिवार सहित नीलकमल रोड पर स्थित फ्लैट मे रहते हैं। शुक्रवार को उनका बेटा रोहन अग्रवाल रोज की तरह सुबह क़रीब 9:30 बजे दुकान पर चला गया था। करीब 10:30 बजे अमित अग्रवाल अपनी पत्नी चारू के साथ घर पर ताला लगाकर किसी कार्य से गाजियाबाद चले गये। शाम को वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि मुख्य गेट का दरवाजा टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो अलमारियां खुली हुई थीं और कीमती सामान, जेवर व नकदी गायब थी।

सूचना मिलने पर एएसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और काफी देर तक जांच-पड़ताल की। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें कुछ संदिग्ध युवक नजर आए हैं। उनकी पहचान और तलाश के प्रयास जारी हैं। यह पता नहीं चल सका कि चोर क्या-क्या और कितना माल ले गये। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र राजकुमार जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करता है तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं है, इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। **-नरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र टीकाराम शर्मा निवासी मोहल्ला ज्ञानविहार कालोनी, नगीना रोड, बिजनौर**

**मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं**

**सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को**

**मुक़द्दस रमज़ान की**

**दिली मुबारकबाद**

**वसीक अहमद**

पूर्व सभासद

नगरपालिका परिषद, बिजनौर

मो. मिर्दगान बी-10, बिजनौर



**चौबीसवां रोजा : शनिवार, 14 मार्च 2026**

**इफ्तार सुन्नी- 6:28, शिया 6:37**

**पच्चीसवां रोजा : रविवार, 15 मार्च 2026**

**खत्म सहरी : सुन्नी- 5:03, शिया-4:57**

# सुरभि की 14वीं रैंक आने से झालूवासी गदगद



**झालू ( चिंगारी )। हृदयानन्द सार्वजनिक इंटर कॉलेज में संस्कृत अध्यापक रहे धर्म सिंह यादव की सुपौत्री व उत्तर पुलिस में इंस्पेक्टर राकेश कुमार यादव की होनहार बेटी सुरभि यादव ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग अर्थात यूपीएससी की सिविल परीक्षा 2025 उत्तीर्ण कर परिजनों का नाम रोशन किया है।**

बनारस में तैनात इंस्पेक्टर राकेश कुमार यादव की पुत्री सुरभि यादव ने 14 वीं रैंक के साथ यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की है। सुरभि ने यह सफलता अपनी कड़ी मेहनत, लगन से हासिल की है। वह बचपन से ही होनहार थी। हाईस्कूल, इंटर में भी सुरभि ने कॉलेज टॉप किया था। उल्लेखनीय है कि अमरोहा जनपद निवासी सुरभि के बाबा धर्म सिंह यादव यहाँ लम्बे समय तक हृदयानन्द इंटर कॉलेज में संस्कृत अध्यापक रहे। इस कारण सुरभि के पापा राकेश यादव ने झालू में रहकर ही पढ़ाई-लिखाई की। राकेश यहां अच्छे क्रिकेटर भी रहे, उन्हें उनके साथी क्रिकेट मैदान में 'होल्डिंग' के नाम से पुकारते थे। सुरभि की सफलता का समाचार सुनकर उनके साथी क्रिकेटर व दोस्तों में भी हर्ष व्याप्त है। आरएसएम डिग्री कॉलेज धामपुर में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर जितेन्द्र चौधरी ने राकेश यादव के परिवार से मिलकर सुरभि यादव को बधाई दी। यहां चौ. योगेश सिंह राणा, विनीत कुमार भूरे, अनिल चौधरी, मनोज कुमार सेठी, विनोद कुमार, रजनीश शर्मा, ख़ालिद परवेज़ 'बिट्टन', डॉ. शारिक़ परवेज़, लवलेश कुमार रॉय, राजकुमार अग्रवाल, नीरज कुमार आदि ने सुरभि की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।




मात्र 21999/- के डाउन पेमेंट पर 160 CC की बाइक घर ले जायें और त्यौहारों को और खुशगवार बनायें।

**कविता मोटर्स**

हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

**किरतपुर रोड, बिजनौर**

**मो. 9289922765, 9457937407**

**भली लगे या बुरी...**

## ईरान की एक तस्वीर यह भी

अतीत पर गौर करें तो शाह ईरान के शासन में ईरानी जनता और ईरानी लड़कियां व महिलायें अमेरिका समेत किसी पश्चिमी देश से मुकाबला कर सकती थीं और यहां कट्टरपन का नामोनिशान नहीं था। लेकिन विडंबना है कि उनके शासनकाल में 'प्रगति' और 'विकास' का लाभ केवल समाज के शहरी व उच्च वर्ग तक सीमित रहा जिसके चलते कट्टरपंथियों समेत अनेक ताकतें शाह ईरान के खिलाफ उठ खड़ी हुईं और उनको देश छोड़ कर भागना पड़ा। लेकिन इसके बाद अयातुल्ला खुमैनी और बाद में अयातुल्ला खामेनेई की सरकारों ने पूरे देश को जिस कट्टरपंथ के अंधकार में धकेल दिया उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। कुछ साल पहले ईरान में 'इस्लामी नैतिकता' के नाम पर महिलाओं पर हिजाब और पर्दा थोपने के प्रयास हुए जिनका घोर विरोध हुआ। पुलिस हिरासत में हिजाब न पहनने वाली महसा अमीनी की हत्या के बाद देश के नौजवान और नवयुवतियां सड़कों पर उतर आए, लेकिन उनका बर्बर दमन किया गया। ईरान आज दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो इस्राइल का अस्तित्व स्वीकार नहीं करता है तथा अपने द्वारा पाले-पोसे आतंकी संगठनों के माध्यम से इस्राइल समेत सारी दुनिया में आतंकवाद का विस्तार करने का प्रयास कर रहा है। इस्राइल पर हुआ हमास का आतंकी हमला हिटलर के समय में हुए नरसंहार के बाद यहूदी समाज की मानसिकता पर सबसे बड़ा प्रहार है। भले ही हूती, हिजबुल्ला और हमास समेत आतंकवादियों की समर्थक सीरिया सरकार कुचलने के इस्राइली तरीकों तथा गाजा में हुए व्यापक नरसंहार को किसी प्रकार उचित न ठहराया जा सकता हो, पर आतंकवादियों, कट्टरपंथियों तथा लोकतंत्र-विरोधियों को उसी भाषा में जवाब देना जरूरी है जिसे वे समझते हों। ईरान का समर्थन करने वाली विश्व शक्तियों के अपने देशों में लोकतंत्र के बजाय तानाशाही है तथा वहां नौजवानों को सत्तातंत्र का गुलाम बना दिया गया है। ईरान पर हमले को भारत की लोकतांत्रिक शक्तियों तथा राजनीतिक दलों को इस परिप्रेक्ष्य में भी देखना चाहिए।

## अफ़वाहों पर नहीं संयम, सहयोग और सहभागिता पर भरोसा जरूरी

**डॉ. राघवेंद्र शर्मा**

वर्तमान समय में विश्व एक अत्यंत संवेदनशील दौर से गुजर रहा है, जहां युद्ध की विभीषिकाएं और वैश्विक अस्थिरता मानवीय संवेदनाओं के साथ-साथ आर्थिक तंत्र को भी झकझोर रही हैं। रूस, अमेरिका, इजरायल और खाड़ी देशों के मध्य उपजा तनाव केवल भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था के हर कोने पर परिलक्षित हो रहा है। भारत, जो अपनी शांतिप्रिय नीति और वसुधैव कुटुंबकम की भावना के लिए जाना जाता है, स्वाभाविक रूप से इस वैश्विक उथल-पुथल से अछूता नहीं रह सकता। जिन देशों के बीच आज युद्ध की स्थिति बनी हुई है, उनके साथ भारत के प्रगाढ़ व्यापारिक और कूटनीतिक संबंध हैं।



आयात-निर्यात के चक्र में आए इस अवरोध ने निश्चित रूप से कुछ चुनौतियां पेश की हैं, विशेषकर पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति को लेकर एक संभावित चिंता का वातावरण निर्मित हुआ है। लेकिन भारतीय परिप्रेक्ष्य में सबसे सुखद और सकारात्मक पहलू यह है कि हमारी सरकार और प्रशासन इन संकटों के प्रति न केवल सजग है, बल्कि अत्यंत सक्रियता के साथ भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। युद्ध के बादलों के बीच जब ऊर्जा सुरक्षा को लेकर संशय की स्थिति उत्पन्न हुई, तो केंद्र सरकार ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए तत्काल एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिये। सरकार की प्राथमिकता स्पष्ट है कि आम नागरिक के घर की रसोई का चूल्हा निर्बाध रूप से जलता रहे। इसी उद्देश्य से व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति पर कुछ विवेकपूर्ण अंकुश लगाए गए ताकि घरेलू स्तर पर रसोई गैस की आपूर्ति में कोई बाधा न आए। यह निर्णय सरकार की उस संवेदनशीलता को दर्शाता है, जिसमें वह सबसे पहले आम जनता के हितों की रक्षा करना चाहती है। हालांकि, बाज़ारों में व्याप्त कुछ निराधार अफ़वाहों के कारण लोगों में एक प्रकार का उतावलापन और अतिरिक्त भंडारण की प्रवृत्ति देखी गई, जिसका लाभ उठाने के लिए कुछ अवसरवादी तत्व और कालाबाजारी करने वाले सक्रिय हो गए। संकट के समय में निजी स्वार्थ की पूर्ति करना एक पापपूर्ण कृत्य है, लेकिन संतोषजनक बात यह है कि प्रशासन ने इन तत्वों के विरुद्ध निर्णायक युद्ध छेड़ दिया है। खाद्य आपूर्ति विभाग और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की तत्परता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी प्रकार की जमाखोरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्षेत्रीय प्रशासन के साथ मिलकर अवैध गोदामों पर हो रही छापेमारी और भारी मात्रा में बरामद किए जा रहे गैस सिलेंडर इस बात का प्रमाण हैं कि कानून के हाथ बहुत लंबे हैं। अनुचित लाभ कमाने की कुचेष्टा करने वाले लोग आज सलाखों के पीछे पहुंच रहे हैं। यह सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति ही है जिसने अफ़वाहों के बाजार को शांत करने के लिए धरातल पर कड़े कदम उठाए हैं। जनता को भी यह समझने की आवश्यकता है कि किल्लत की ख़बरें वास्तविक कमी के कारण नहीं, बल्कि चंद स्वार्थी लोगों के दुष्प्रचार का परिणाम हैं। ऐसे समय में जब संपूर्ण राष्ट्र को एकजुट होकर चुनौतियों का सामना करना चाहिए। कुछ स्वार्थी राजनीतिक दलों की ओर से आने वाली नकारात्मकता दुर्भाग्यपूर्ण हो सकती है, किंतु सत्य यह है कि सरकार की पारदर्शी नीतियों ने जनता के विश्वास को डिगने नहीं दिया है। भारतीय कूटनीति की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि वैश्विक तनाव के बावजूद कच्चे तेल की आपूर्ति निरंतर बनी हुई है। मुंबई के बंदरगाह पर कच्चे तेल से भरे दो विशाल जहाजों का पहुंचना इस बात का शुभ संकेत है कि भारत की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला टूटी नहीं है। जलडमरूमध्य और अन्य समुद्री मार्गों से आने वाले जहाजों की सुरक्षा और उनकी सुगम आवाजाही के लिए भारत सरकार निरंतर खाड़ी देशों के संपर्क में है। हमारे कूटनीतिक संबंध इतने सशक्त हैं कि विपरीत परिस्थितियों में भी मित्र राष्ट्र भारत के प्रति अपने सहयोग का हाथ पीछे नहीं खींच रहे हैं। यह भारत की बढ़ती वैश्विक साख का ही परिणाम है कि हम अपनी आवश्यकताओं को सुरक्षित करने में सफल हो रहे हैं। हमें यह स्मरण रखना चाहिए कि भारत ने अतीत में भी कई बड़े संकटों को मात दी है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई दरोगा भर्ती परीक्षा



प्रथम पाली में परीक्षा देकर बाहर निकलते हुए अभ्यर्थी।



वर्धमान कॉलेज परीक्षा केन्द्र पर तैनात पुलिस अधिकारी।

**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित दरोगा (उपनिरीक्षक) भर्ती की लिखित परीक्षा आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई। परीक्षा के लिए जनपद में कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकलविहीन संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की गई है। इसके अलावा परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए 13 स्टैटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है। परीक्षा आज व कल दो-दो शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगी।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा एसआई पुलिस भर्ती परीक्षा के मद्देनजर विशेष ट्रेन का संचालन भी किया गया है, ताकि दूर-दराज से आने वाले परीक्षार्थियों को आने-जाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

KARTIK HOSPITAL
& ALFA IVF (A unit of Kartik Hospital)
ALFA IVF ADVANCED LEVEL FERTILITY ASSISTANCE
एल्फा आई.वी.एफ टैस्ट ट्यूब बेबी सैन्टर


डा. निरुपमा चौधरी
MD (प्रसूति, स्त्री रोग)
IVF स्पेशलिस्ट, सर्जन


डा. सौम्या राज चौधरी
M.S. (प्रसूति, स्त्री रोग)
IVF स्पेशलिस्ट, सर्जन

Dr. Nirupma Chaudhary
M.B.B.S., M.D. (Obs. & Gynae) FICMCH, M. FOGSI
Ian Donaldd Diploma U/S (Obs. & Gynae)
Consultant Obsterician & Gynzeocologist, Surgeon
Hystero - Laprasopic Sugeon
Infertility & IVF Specialist

Dr. Saumya Raj Chaudhary
M.B.B.S., M.S. (Obs. & Gynae)
Infertility & IVF Specialist

का विशेष निःशुल्क
निःसंतानता
IUI, IVF हेतु विशेष
परामर्श शिविर

Dr. Rajeev Chaudhary
M.S. (E.N.T.)
Senior Consultant & Surgeon
for Ear, Nose & Throat
Nasal Endosopist
Andrologist for IVF

Dr. Sunil Chaudhary
M.B.B.S., Dip. Ian Donold U/S
Ultrasonologist

दिनांक- 15 मार्च, 2026, समय- 12 बजे से 3 बजे तक, रजिस्ट्रेशन समय- 10 से 11 बजे

कैम्प में निःशुल्क सेवाएंः- प्रथम परामर्श, प्रथम अल्ट्रासाउण्ड, ब्लड प्रेशर, बेसिक पैथोलॉजी जाँच(HB, Sugar, CBC)

सेवाएंः- फर्टिलिटी जाँच, IUI, IVF, ICSI, TESA, TESE, PESA, भ्रूण फ्रीजिंग, गर्भाशय में रसोली, अण्डों मे खराबी, नलों की जाँच एवं इलाज, हिस्ट्रोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी

01342-260394, 9927583422, 8474934509 \IVF HELPLINE 9927583422

# रासेयो शिविर का अंतिम दिन संविधान दिवस के रूप में मनाया




हल्दौर (चिंगारी)। हल्दौर डिग्री कॉलेज हल्दौर की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई ने ग्राम नांगलजट में द्वितीय इकाई ने ग्राम बल्दिया में, तृतीय इकाई ने ग्राम छजुपुरा सादात में एवं चतुर्थ इकाई ने किशनपुर भोगन में शुक्रवार को सात दिवसीय विशेष शिविर का अंतिम दिवस संविधान दिवस के रूप में मनाया। मलिन बस्तियों में पहुंचकर स्वयंसेवक/सेविकाओं द्वारा रैली निकालकर ग्रामवासियों को संविधान में वर्णित अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. अनुज कुमार ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरजीत, डॉ. योगेंद्र कुमार, डॉ. रूबी शर्मा, डॉ. सूर्य प्रताप के मार्गदर्शन में रैली को सफलतापूर्वक गांव से होकर महाविद्यालय तक लाया गया।

# बीसी सखी को सात व तेरह दिवसीय प्रशिक्षण दिया



हल्दौर (चिंगारी)। पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हल्दौर द्वारा जनपद बिजनौर की महिलाओं को सात व तेरह दिवसीय विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। ट्रेनिंग के अंतिम दिन एमओआरडी की तरफ से मूल्यांकन भी कराया गया व बैंकिंग की आईआईबीएफ ऑनलाइन बीसी सखी की परीक्षा भी कराई गई, जिसमें महिलाओं का शत –प्रतिशत रिजल्ट रहा। संस्थान के निदेशक मनीष कुमार गौतम के द्वारा रूबी, दीपा, विशाखा, हिना, सपना, कविता, कायनात, मोनिका चौहान, प्राची चौहान, लक्ष्मी देवी, ऊषा, ममता, अंजू, पूजा, बीना आदि 59 प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र वितरित किए गए। ट्रेनिंग के दौरान सभी प्रतिभागियों को उद्यमी गुण, सामाजिक सुरक्षा, बीमा,पेंशन, मार्केट सर्वे, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, बैंकिंग क्षेत्र की जानकारी विस्तार से जानकारी दी।

# कुरआन सुनने और सुनाने वालों को स्कूटी दी



**सहसपुर ( चिंगारी )।** मनिहारान वाली मस्जिद में कुरान मुकम्मल हो गया, जिसमें वहां के युवाओं ने कुरान सुनने और सुनाने वालों को इलेक्ट्रिक स्कूटी भेंट की। मस्जिद मनिहारान वाली सहसपुर में रमज़ान के पवित्र महीने में तरावीह पूरी होने पर कुरान सुनाने वाले मोहम्मद शरीफ और सुनने वाले मोहम्मद उमर को युवाओं द्वारा उपहार के रूप में इलेक्ट्रिक स्कूटी भेंट की गई। मोहम्मद उमर के वालिद श्री हाफ़िज़ ज़करिया ने कहा कि युवाओं की हिम्मत की दाद देनी चाहिए।

# शांतिपूर्वक मनायें ईद–उल–फ़ित्र का त्यौहार



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ईद– उल–फ़ित्र के उपलक्ष्य में स्थानीय थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक में समस्त क्षेत्रवासियों से ईद का त्यौहार प्रेम, शांति और सद्भाव के साथ मनाने का आहवान किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने कहा कि ईद की नमाज़ निर्धारित स्थलों पर, ईदगाहों या मस्जिदों में ही अदा करें। नई परम्परा शुरू करने की किसी को इजाजत नहीं होगी। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों का आहवान किया कि ईद का पर्व शांति, सद्भाव एवं प्रेम के साथ मिल–जुलकर मनायें। यदि कहीं पर कोई समस्या हो, तो समय से प्रशासन को बता दें। बैठक में अचल शर्मा, इरफान प्रधान, नसीम अहमद, खालिक हुसैन, अब्दुल हक, मौ. राशिद, शहजाद आलम एड., आर्य वीरेन्द्र शर्मा, डा. महीपाल सिंह, मौजिज हुसैन, अविनाश प्रधान, गुलफाम इलाही सहित कई व्यक्ति मौजूद रहे।

# श्री हरि पंचांग के 16 वें संस्करण का विमोचन




**धामपुर ( चिंगारी )।** अनंत श्री धर्म प्रचार संस्थानम की ओर से विगत 16 वर्षों से निरंतर प्रकाशित किए जा रहे श्री हरि पंचांग के नवीन संस्करण का शुक्रवार को समारोहपूर्वक विमोचन किया गया। संस्कार शाला आश्रम के सत्संग भवन में आयोजित कार्यक्रम में पंचांग के संपादक आचार्य डॉ. दिनेशचंद भारद्वाज ने कहा कि पंचांग भारतीय सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने बताया कि तिथि, वार, नक्षत्र, योग और करण इन पांच अंगों के समन्वय को ही पंचांग कहा जाता है। ज्योतिष शास्त्र में इन पांचों तत्वों की व्यवस्थित गणना और प्रस्तुति से ही पंचांग का निर्माण होता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने पंचांग के नए संस्करण का विमोचन करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक ग्रंथ हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने संस्थान द्वारा लगातार किए जा रहे इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला, डॉ.एनपी सिंह, डॉ. आदित्य अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल तथा श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इनमें अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, सुनील कुमार, दिनेश राणा, विजय शर्मा, डॉ. दिनेश सिंह, गौरक्षक गौतम गिरी, शौर्य अत्रि, निकुंज शर्मा, मोती शर्मा, उत्तम भारद्वाज, प्रणव भारद्वाज, कविता भारद्वाज, बबीता त्यागी सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया गया तथा पंचांग की प्रतियां उपस्थित लोगों को वितरित की गईं।

## आरएसएम कॉलेज के सात दिवसीय रासेयो शिविर का भव्य शुभारंभ



**धामपुर ( चिंगारी )।** आर.एस.एम. कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ दारा ग्राम सरकड़ा (चकराजमल) में किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ ने प्राचार्य को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा सभी अतिथियों को बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। मां सरस्वती के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान 'स्वयं से पहले आपके आदर्श वाक्य को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा, अनुशासन तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का एक प्रभावी मंच है। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रो. अमित कुमार चौहान तथा प्रो. शौराज सिंह ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक प्रीत चौहान ने किया। इस अवसर पर प्रो. रमाकांत, प्रो. ओ.पी. मौर्य, प्रो. राम कुमार सिंह, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. विवेक यादव, डॉ. आकाश, श्री पुखराज सिंह, पंकज सिंह, लाखन सिंह, सुन्दर सिंह विष्ट सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ, एसबीडी का रासेयो शिविर समाप्त

**धामपुर ( चिंगारी )।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन कार्यक्रम ग्राम नौरंगाबाद के पंचायत घर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक श्रीमती रेणु गोयल और प्राचार्या प्रो.पूनम चौहान द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर पर स्वयंसेविका अनुष्का एवं संध्या द्वारा मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात 'पेड़ लगाओ-जीवन बचाओ' विषय पर तथा डिजिटल साक्षरता के उपयोग एवं दुरुपयोग विषय पर भी लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, जबकि संध्या द्वारा लोकगीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम शिक्षिका श्रीमती प्रियंका जैन के निर्देशन में संपन्न हुये।

गांव की आंगनवाड़ी कार्यकत्री ने स्वयंसेविकाओं द्वारा गांव में किए गए विभिन्न सामाजिक कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर की आख्या प्रस्तुत की गई। महाविद्यालय की प्रबंधक श्रीमती रेणु गोयल ने कहा कि समाज सेवा की भावना ही सच्ची शिक्षा का आधार है।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमजान
की दिली मुबारकबाद



मो. ग़ाज़ी
पूर्व विधायक, शेरकोट



चौबीसवां रोजा : शनिवार, 14 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:28, शिया 6:37
पच्चीसवां रोजा : रविवार, 15 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:03, शिया-4:57

## क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने नहटौर में की छापामारी

**धामपुर ( चिंगारी )।** घरेलू गैस के दुरुपयोग की मिली शिकायतों के संबंध में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी आलोक कुमार, पूर्ति निरीक्षक अंकित कुमार ने नहटौर में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पप्पू इलेक्ट्रॉनिक, विश्वकर्मा एग्रीकल्चर तथा सतपाल किराना स्टोर पर छापेमारी की गई। जिसमें एक घरेलू गैस सिलेंडर रखा हुआ पाया गया। अधिकारियों द्वारा पूछने पर उन्होंने बताया कि उनके पास यह सिलेंडर गैस कनेक्शन बुक का है, जिस पर उन्हें भविष्य में कठोर चेतावनी देते हुए छोड़ दिया गया। उन्होंने गैस एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया कि गैस कनेक्शन धारक को बुकिंग के दो से तीन दिन के अंदर ही गैस की डिलीवरी सुनिश्चित की जाए।



## अर्पित सिंह को सम्मानित किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के तत्वावधान में यूपीएससी में 386 वीं रैंक आने पर अर्पित सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और अर्पित सिंह को फूलमाला पहनाकर एवं सम्मान चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सभा के जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह सिसोदिया ने कहा कि समाज के होनहार एवं कर्मठ युवाओं का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है और आगे भी इसी प्रकार समाज को मजबूत करने का कार्य किया जाता रहेगा। अंत में सभी सदस्यों ने अर्पित सिंह को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख सम्मानित सदस्य जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह सिसोदिया, चंद्रभान सिंह गहलौत, ओम प्रकाश सिंह (डायरेक्टर), अभय प्रताप सिंह (अध्यक्ष), महेंद्र सिंह ठाकुर, विपुल प्रताप सिंह, अरविंद कुमार, सीमा सिंह, अरुण कुमार, भावना सिंह, नेत्रपाल सिंह, अमरीश कुमार, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम ने बैठक में की गैस एजेंसियों के स्टॉक की समीक्षा

**धामपुर ( चिंगारी )।** खाडी देश में चल रहे युद्ध के दृष्टिगत गैस आपूर्ति से संबंधित आम जनमानत में फैल रही भ्रामक अफवाहों को लेकर शुक्रवार की शाम तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी धामपुर सुश्री स्मृति मिश्रा की अध्यक्षता में गैस एजेंसियों के प्रबंधको एवं आपूर्ति विभाग के कार्मिकों के साथ हुई बैठक में सभी गैस एजेंसियों के स्टॉक की समीक्षा की गई। बैठक में गैस एजेंसी संचालकों द्वारा बताया गया कि उनके पास पर्याप्त मात्रा में गैस स्टॉक उपलब्ध है।

उप जिलाधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा द्वारा गैस एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया गया कि वह गैस बुकिंग के उपरांत ही उपभोक्ताओं से ओटीपी प्राप्त कर उपभोक्ताओं को नियम अनुसार गैस सिलेंडर वितरित करें। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर वितरित करते समय डिलीवरी मैन



वर्दी व परिचय पत्र के साथ गैस सिलेंडर डिलीवरी करें। यदि किसी डिलीवरी मैन या अन्य व्यक्तियों के प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेंडर रखे पाए जाते हैं या कालाबाजारी की जाती है तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक अधिनियम की धारा 3/7 के अंतर्गत कठोरतम कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। बैठक में गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि वह उपभोक्ता की इकेवाईसी करने के संबंध में सभी गैस एजेंसी अलग अलग काउंटर खोलकर उनकी ई केवाईसी पुण करें।

# नाममात्र को हो रही होम डिलीवरी

## बुकिंग भी मुश्किल से हो रही

**नांगल सोती (चिंगारी)।** जिला प्रशासन के रसोई गैस की कमी न होने के दावों के बीच नांगल में पिछले कई दिनों से नाममात्र को होम डिलीवरी हो रही है। उपभोक्ताओं को रिफिल गैस सिलेंडर लेने के लिये एजेंसी पर ही जाना पड़ रहा है। इसके अलावा आसानी से हो जाने वाली बुकिंग भी काफी मुश्किलों से हो रही है। एक तरफ ईरान तथा अमेरिका-इजरायल युद्ध के कारण एलपीजी गैस की किल्लत की खबरें या शासन-प्रशासन के अनुसार अफ़वाहें हैं, तो दूसरी तरफ शासन-प्रशासन द्वारा रसोई गैस की कोई किल्लत न होने के दावें हैं। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बयान जारी कर जिले में रसोई गैस के सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक होने की बात कही है। नांगल में पिछले कई दिनों से घरेलू गैस की होम डिलीवरी लगभग बंद है।



नांगल में करीब आधा दर्जन गैस एजेंसियों द्वारा होम डिलीवरी की जाती थी। हर रोज किसी न किसी गैस एजेंसी की गाड़ी आती थी। किसी-किसी दिन कई गाड़ियां आती थीं, मगर ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच शुरू हुए युद्ध के बाद गैस की होम डिलीवरी नाममात्र को हो रही है। अब उपभोक्ताओं को रीफिल गैस सिलेंडर लेने के लिये गैस एजेंसी पर ही जाना पड़ रहा है। उधर पहले रसोई गैस की बुकिंग आसानी से हो जाती थी, मगर अब बुकिंग भी बड़ी मुश्किलों से हो रही है। उपभोक्ता देर रात को उठकर बुकिंग करने का प्रयास कर रहे हैं।

### जिनके पास कनेक्शन नहीं उन्हें बहुत परेशानी

सबसे ज्यादा दिक्कत उन लोगों को उठानी पड़ रही है, जिनके पास कनेक्शन नहीं हैं। बिना बुकिंग कराये और डीएसी/ओटीपी नंबर बताये, अब गैस एजेंसियों द्वारा रिफिल गैस सिलेंडर नहीं दिये जा रहे हैं। जबकि जब परिस्थितियां सामान्य थीं, तो कोई वितरक बुकिंग नंबर को भी नहीं बूझ रहा था। बिना बुकिंग नंबर के धड़ल्ले से गैस सिलेंडर दिये जा रहे थे। उधर सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिये नियम बना दिया है कि अब गैस बुकिंग 45 दिनों के अंतराल पर ही हो सकेगी। इससे पहले इस अवधि को 15 दिन से बढ़ाकर 25 दिन किया गया था। सरकार के इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस के लिये समस्या बढ़ सकती है।

### जिनके यहां शादी वो बहुत परेशान

गैस की होम डिलीवरी लगभग बंद हो जाने से वे लोग बहुत ज्यादा परेशान हैं, जिनके घरों में शादियां हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में शादी के भोज समारोह में भी घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का ही प्रयोग किया जाता है। पहले बड़ी आसानी से विवाह के भोज के लिये कितने ही सिलेंडर मिल जाते थे, मगर अब एक-एक सिलेंडर बुकिंग और डीएसी नंबर पर ही मिल रहा है। ऐसे में शादियों वाले घरों के लोग गैस सिलेंडरों के लिये काफी परेशान हो रहे हैं।


सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान

पूर्व राज्यमंत्री

(उत्तर प्रदेश सरकार)

समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

चौबीसवां रोजा : शनिवार, 14 मार्च 2026

इफ्तार सुन्नी- 6:28, शिया 6:37

पच्चीसवां रोजा : रविवार, 15 मार्च 2026

खत्म सहरी : सुन्नी- 5:03, शिया-4:57


# शिविर में योग दिवस मनाया



**नगीना (चिंगारी)।** लाला राधेश्याम महिला महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के छठे दिन को योग दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी वैशाली गौतम व वंदना ने सभी छात्राओं को योग दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि योग करें, निरोग रहें। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य के लिए योग है। उन्होंने बताया कि यह एक व्यायाम है, जिसे हम अपने शरीर के तत्वों को संतुलित करते हैं। इसके अलावा ध्यान और आराम करने में भी यह मदद करता है। उन्होंने सभी से योग करते रहने का आह्वान किया। इस मौके पर सानिया, आयशा, इरम, फातिमा, शगुन, वंशिका, उपासना, कीर्ति, निशा रानी आदि ने प्रतिभाग किया।

# काली पट्टी बांधकर आतंकवाद का विरोध किया



एसडीएम को मांग-पत्र सौंपते हुए शिया समुदाय के लोग।

**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रमज़ान के आखिरी जुमे को शिया समुदाय की मस्जिद में विश्वशान्ति एवं आतंकवाद के विरोध में 'योमे कुद्स दिवस' के रूप में आतंकवाद का विरोध करते हुए शिया समुदाय के लोगों ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया तथा एसडीएम नगीना के माध्यम से एक ज्ञापन भारत की राष्ट्रपति को सौंपा, जिसमें शिया समुदाय के साथ सुन्नी समुदाय के लोगों ने भी भाग लिया। जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोग मोहल्ला सादात स्थित शिया जामा मस्जिद में एकत्र हुए तथा इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि इस समय विश्व के अधिकतर देश किसी न किसी प्रकार के आतंकवाद से पीड़ित हैं। फिलिस्तीन पर अमेरिका व इजरायल द्वारा निहत्थे लोगों पर बमबारी कर हत्या की जा रही है तथा मस्जिदें अलअक्सा पर भी अत्यधिक अत्याचार किया जा रहा है। अमेरिका में इजरायल द्वारा संपूर्ण विश्व में फैलाए जा रहे आतंकवाद के कारण किसी भी देश की संप्रभुता को खतरा हो सकता है। उन्होंने इजरायल द्वारा ईरान के सुप्रीम लीडर सैयद अली खामेनेई व उनके परिवार की, की गई हत्या की भी घोर निंदा करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। इस मौके पर मौलाना कासिम अब्बास, मास्टर मोहम्मद हैदर, सुहेल बाकर, आजद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव मौलाना अतिकुर्रहमान, जिला पंचायत उम्मीदवार शफीक अहमद, इमरान कुरैशी, समीम कुरैशी उर्फ बबलू, ग्राम प्रधान प्रत्याशी इमरान शमी कुरैशी, असलम कुरैशी, डॉक्टर इश्तियाक अंसारी, उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष चौधरी वीरपाल सिंह काफी संख्या में शिया व मुस्लिम समाज के सम्भ्रांत व्यक्ति उपस्थित थे। अंत में मस्जिद के बाहर उपजिलाधिकारी नगीना विजयशंकर के माध्यम भारत के राष्ट्रपति को मांग-पत्र सौंपा।

# बिजनौर में तैनात सिपाही ने बैराज से गंगा में लगाई छलांग, मौत

## शनिवार की सुबह गेट नंबर 4 के पास बरामद हुआ शव

बिजनौर (चिंगारी)। बिजनौर में तैनात 2016 बैच के सिपाही नितिन वत्स ने कल बैराज से गंगा में छलांग लगा दी। डूबने की वजह से सिपाही की मौत हो गई। आज सुबह गोताखोरों ने बैराज के गेट नंबर 4 के पास से शव को बरामद कर लिया।



शुक्रवार को बिजनौर बैराज के गेट नंबर 3 के पास लावारिस हालत में एक बाइक खड़ी मिली थी। जिसकी पड़ताल में सामने आया कि उक्त बाइक बिजनौर पुलिस के अभियोजन कार्यालय में तैनात चल रहे सिपाही नितिन वत्स की है। इसके बाद से सिपाही की तलाश की जा रही थी। उधर उसकी पत्नी ने शुक्रवार की देर शाम शहर कोतवाली में गुमशुदगी की दर्ज कराई।

बैराज पर बाइक खड़ी मिलने के बाद से ही उसके गंगा में कूदने की आशंका जाहिर की जा रही थी। उधर सीसीटीवी फुटेज खंगाल गया तो उसमें सिपाही गेट नंबर 3 के पास अपनी बाइक को खड़ी करते हुए नजर आया। रात में ही रेस्क्यू टीम को बुला लिया गया। आज सुबह गोताखोर गंगा में उतरे। जिन्होंने खोजबीन अभियान शुरू किया। करीब 11:00 गेट नंबर 4 के पास सिपाही नितिन का शव बरामद किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस जांच में जुटी है।

बागपत के कस्बा टिकरी के रहने वाले नितिन की तैनाती साल 2022 से बिजनौर में चल रही थी। नितिन अपनी पत्नी और बच्चों के संग बिजनौर की भरत विहार कॉलोनी में किराए पर रहता था। आत्महत्या का कारण फिलहाल पता नहीं चल सका।

# शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को किया गया सम्मानित

नजीबाबाद (चिंगारी)। रमा जैन कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के ग्राम खैरूल्लापुर पंचायतघर पर चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अग्रवाल के निर्देशन में समापन समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प चढ़ा कर मुख्य अतिथि डॉ. आरके अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि डॉ. लक्ष्मण सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान श्रीमती रीना चौधरी, जितेंद्र कक्कड, प्रवक्ता राजेंद्र कुमार गुप्ता, साहित्यकार कर्मवीर सिंह, महाविद्यालय निदेशक डॉ. केसी मठपाल, प्राचार्य डॉ. मृदुला त्यागी द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। इस मौके पर स्वयं सेविकाओं ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसमें स्वयं सेविका प्रियंका, आंचल, मानसी, शगुन, मनीषा, महक आदि शामिल रही। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अग्रवाल ने सात दिवसीय विशेष शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की। निदेशक डॉ. केसी मठपाल ने सभी से देश के विकास में अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया। अतिका व कवि कर्मवीर सिंह ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।




कार्यक्रम में महाविद्यालय की शिक्षिकाएं डॉ. सविता सक्सेना, डॉ. सविता वर्मा, डॉ. दीप्ति माहेश्वरी, डॉ. भावना अरोरा, श्रीमती ज्योति पाल, डॉ. नेहा कौर, डॉ. अंकुर अग्रवाल, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. मनीष चौहान, श्रीमती सुनीता जवेरिया, कुमारी निधि, श्रीमती निशु राजपूत, श्रीमती दीक्षा राजपूत उपस्थित रही। शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वयंसेविकाओं शहरीन, परवीन, उनैजा, भावना, योग्यता, प्रियांशी, रुचि, शगुन, कनक, आशी, आशु, सानिया आदि छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

## पूजा हॉस्पिटल में हिंदू-मुस्लिमों ने एक साथ बैठकर किया इफ्तार

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के पूजा हॉस्पिटल में हर वर्ष की तरह इस साल भी मुकद्दस रमजान माह के अवसर पर सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में नगर की गंगा-जुमनी तहजीब को मजबूत करते हुए हिंदू-मुस्लिमों ने एक साथ बैठकर इफ्तार कर एकता व भाईचारे का संदेश दिया। इस मौके पर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. वीके अग्रवाल, डॉ. संदीप अग्रवाल व डॉ. राखी अग्रवाल ने बताया कि उनके हॉस्पिटल की स्थापना के बाद से लगातार रमजान माह में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाता है। यह हॉस्पिटल में 24 वीं रोजा इफ्तार है। आपसी भाईचारा बढ़ाने के लिए यह कार्यक्रम लगातार किया जा रहा है। कार्यक्रम में विधायक हाजी तसलीम अहमद, चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खां एड., साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, डॉ. इबादुर्रहमान, डॉ. हारून, डॉ. शमशुल इस्लाम, कसीम एड. डॉ. दिलशाद अंसारी, डॉ. फारूक, डॉ. मौ. राशिद, डॉ. मौ. सुलेमान, सुभाष कुमार, मौ. सादिक, मौ. अख्तर आदि शामिल रहे।

## आंखों की जांच के फ्री कैंप का आयोजन कल

नजीबाबाद (चिंगारी)। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की ओर से आंखों की जांच का फ्री कैंप, पुकार टॉकीज के निकट रेलवे फाटक शांति विहार कॉलोनी में खुशी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में निर्मल आश्रम ऋषिकेश द्वारा कल 15 मार्च को सुबह 8 बजे से किया जायेगा। यह जानकारी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कक्कड़ ने दी।

## 6 दिन बाद मिला नहर से रामचरण का शव

स्योहारा ( चिंगारी )। स्योहारा थाना क्षेत्र के नरावली गांव के पास गत सोमवार को शाम करीब छह बजे रामचरण सिंह पुत्र स्व. गुलाब सिंह निवासी मीरापुर के पोषक नहर में कूदने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को नहर किनारे एक साइकिल, चप्पल और देसी शराब के दो खाली पव्वे मिले थे। इन सामानों के आधार पर उसके नहर में कूदने की आशंका जताई गई थी। जिसके बाद से भी पुलिस ने रामचरण की तलाश के लिए सर्च अभियान जारी रखा था। एनडीआरएफ की टीम व लखनऊ एसडीआरएफ टीम भी लगी थी। आज सुबह पुलिस को सुचना मिली कि गांव सब्दलपुर के पास नहर मे एक शव दिखाई दे रहा है। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को निकाल पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



## सूचना

हमारा भाई मनोज कुमार व माता कैलाशो देवी हमें घर से निकालने व झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देते है। इसलिए हमने उनके कृत्यों से परेशान होकर उन दोनों से अपने सम्बन्ध समाप्त कर लिये है। यदि भविष्य में उपरोक्त के साथ किसी भी प्रकार की घटना होती है तथा वह किसी कृत्य को अंजाम देते है तो उसकी जिम्मेदारी हमारी व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य की नहीं होगी।

**-राजेंद्र कुमार व राकेश कुमार पुत्रगण पृथ्वी सिंह निवासीगण, ग्राम मोहनपुर थाना मंडावली, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

पहले मेरे नाम की स्पेलिंग Shehbaz थी अब मैंने अपने नाम की स्पेलिंग Shahbaz Parveen रख ली है भविष्य में मुझे मेरे नये नाम की स्पेलिंग से जाना व पहचाना जाये।

Shahbaz Parveen W/o Fazlur Rehman, Moh. Jabtaganj, Najibabad Bijnor U.P. 246763


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है
आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026
25 हजार तक की डिस्काउंट
आवश्यकता है
*वर्कशॉप सुपरवाइजर
*मैकेनिक
*नियम व शर्तें लागू
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# ऑडिट के नाम पर शिक्षकों से उगाही

## अतिरिक्त कक्षा कक्ष के लिये मांगे जा रहे 20 से 30 हजार

**बिजनौर (चिंगारी)।** बेसिक शिक्षा विभाग में ऑडिट के नाम पर बड़ा खेल शुरू हो गया है। शिक्षा विभाग का एक अधिकारी संविदा कर्मचारियों के माध्यम से शिक्षकों से अवैध वसूली कराने में जुटा है। भ्रष्टाचार के खिलाफ बीएसए कार्यालय पर दिनभर ड्रामा चलता रहा। शाम के समय बीएसए ने शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी के साथ वार्ता की तथा जांच कर कार्रवाई करने का शिक्षकों को भरोसा दिलाया।

मार्च का महीना शुरू होते ही बेसिक शिक्षा विभाग में ऑडिट के नाम पर खेल होना शुरू हो गया है। परिषदीय विद्यालय के भवन निर्माण में शिक्षकों से ऑडिट के नाम पर संविदा कर्मचारी उगाई करने में जुट गए हैं। दिन भर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर भ्रष्टाचार के खिलाफ हंगामा रहा। दरअसल, शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने ऑडिट के नाम पर बड़ा खेल करना शुरू कर दिया है। एक अतिरिक्त कक्षा कक्ष के ऑडिट में 20 से 30 हजार रुपए मांगे जा रहे हैं। ऑडिट करने आई टीम से मिलीभगत कर बड़ा खेल किया जा रहा है। शिक्षकों से उगाही को लेकर संविदा कर्मचारी चर्चा का विषय बना हुआ है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने आरोपी संविदा कर्मचारी की सेवा समाप्त करने की मांग की है। संविदा कर्मचारी फरमान शिक्षकों को फोन कर ऑडिट के नाम पर मोटी रकम मांग रहा है। इतना ही नहीं, कर्मचारी ऑडिट टीम में आए कर्मचारियों से भी शिक्षकों को फोन करा रहा है। शिक्षकों का कहना है कि एक अतिरिक्त कक्षा कक्षा के ऑडिट के लिए 20 से 30 हजार रुपए की मांग की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि लंबे समय से संविदा कर्मचारी फरमान आदतन शिक्षकों को फोन कर मोटी रकम की मांग करता रहा है। अब इसे लेकर शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से संविदा कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने की मांग की है। शिक्षकों का कहना है कि पिछले दो-तीन साल से संविदा कर्मचारी फरमान हद पार करता जा रहा है। आएदिन संविदा कर्मचारी किसी न किसी शिक्षक को फोन कर अवैध वसूली की जगत में लगा रहता है।

उत्तर प्रदेश से प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चौधरी, जूनियर हाई स्कूल शिक्षा संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राहुल राठी ने भ्रष्टाचार में संलिप्त संविदा कर्मचारी फरमान की सेवा समाप्त करने की मांग की है।

### प्रकरण की होगी जांच-बीएसए

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों के भवन निर्माण का ऑडिट किया जा रहा है। शिक्षक संघ के पदाधिकारी ने एक कर्मचारी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि जांच समिति गठित की जा रही है। पूरे प्रकरण की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।**

### पहले से बदनाम है फ़रमान

**बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सर्वशिक्षा अभियान में तैनात संविदा कर्मचारी फरमान का दामन पहले से ही दागदार बताया जाता है। संविदा कर्मचारी फरमान की कार्यशैली से जिले के शिक्षक हतप्रभ हैं। शिक्षकों का कहना है कि संविदा कर्मचारी शिक्षा विभाग में खुलकर भ्रष्टाचार पर उतारू है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा भी इस पर लगाम नहीं लगाई गई। अब ऑडिट के नाम पर खुलकर पैसे मांगे जाने से शिक्षक परेशान हैं। शिक्षकों ने कहा है कि यदि संविदा कर्मचारी फरमान के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। फरमान की शिकायत मुख्यमंत्री से भी की जाएगी। शिक्षकों द्वारा संविदा कर्मचारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया गया है।**



सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमज़ान** की दिली मुबारकबाद

**विवेक सेन**



सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20

चौबीसवां रोजा : शनिवार, 14 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:28, शिया 6:37
पच्चीसवां रोजा : रविवार, 15 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:03, शिया-4:57

# ट्रांसफार्मर पर चढ़ी मंदबुद्धि युवती करंट लगने से बुरी तरह झुलसी

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** मानसिक रूप से कमजोर एक युवती विद्युत ट्रांसफार्मर पर चढ़ गई, जो करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गई। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर धारा निवासी जगदीश सिंह सैनी की 18 वर्षीय पुत्री निशा बचपन से ही मंदबुद्धि है। शुक्रवार को जगदीश सिंह के एक रिश्तेदार के यहां गांव में ही वैवाहिक कार्यक्रम था। शाम के समय मेहमानों के साथ-साथ निशा भी वहां चली गई और रात्रि लगभग 8 बजे वहां से अकेली निकलकर पास में स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर पर चढ़ गई। उस समय बिजली आ रही थी, जिससे निशा को तेज करंट लगने पर जोर का झटका लगा और वह नीचे गिरने को हुई, मगर उसका एक पैर ट्रांसफार्मर की ऍंगल में फंस गया और वह वहीं उल्टी लटक गई। ट्रांसफार्मर के तारों में अचानक फाल्ट हुआ और बिजली सप्लाई भी चली गई। बिजलीघर को फोन कर शटडाउन लेकर निशा को किसी तरह नीचे उतारा गया। निशा के पिता जगदीश सिंह सैनी ने बताया कि उसकी हालात सीरियस देखते हुए स्थानीय चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया है, जहां उसकी हालत अभी चिंताजनक बनी हुई है।



विद्युत ट्रांसफार्मर पर उल्टी लटकी हुई युवती।

# तेज़ रफ़्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने मेडिकल कॉलेज की बस में टक्कर मारी, अनेक छात्र घायल

**बिजनौर (चिंगारी)। महात्मा विदुर मेडिकल कॉलेज स्वाहेड़ी से छात्रों को लेकर बिजनौर मेडिकल अस्पताल आ रही मिनी बस को मंडावर रोड पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी। हादसे में बस चालक घायल हो गया, जबकि कई छात्र मामूली रूप से घायल हुए।**

शुक्रवार को करीब 11 बजे महात्मा विदुर मेडिकल कालेज स्वाहेड़ी से छात्रों को लेकर बिजनौर मेडिकल अस्पताल आ रही बस को मंडावर मार्ग पर महादेवपुरम चौराहे के समीप बिजनौर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे में बस में सवार छात्र हर्ष कुमार, आशीष पुंडीर, आयुष कुमार, निहारिका, वरिना, अंजली, अर्पिता सिंह, सजल कुमार, अनुराग धारीवाल, रामअवतार सहित अन्य छात्र-छात्राएं मामूली रूप से घायल हो गए, जबकि बस चालक को भी हल्की चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार ट्रैक्टर चालक ने अचानक ब्रेक लगाए, जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बस से जा टकराया। घटना के दौरान बस चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को सड़क किनारे दुकानों की ओर मोड़कर ब्रेक लगा दिए, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

### महर्षि कश्यप व निषाद राज की जयन्ती मनायेंगे धूमधाम से

**बिजनौर (चिंगारी)।** शुक्रवार को निषाद पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा सिंचाई विभाग के डाक बंगले पर बैठक हुई, जिसमें आने वाली 5 अप्रैल को महर्षि कश्यप व निषाद राज जयंती मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। पार्टी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निषाद जयंती बड़े धूमधाम से मनाएगी, जिसको लेकर रूपरेखा तैयार की गई। पार्टी के सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह बड़े स्तर पर तैयारी करें और बैठक में जिला अध्यक्ष नवीन कुमार कश्यप, संगठन जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप, जिला महासचिव डॉ. ऋषिपाल कश्यप, संगठन जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र कश्यप, विधानसभा प्रभारी जसवंत कश्यप, विधानसभा प्रभारी रामसिंह प्रधान, हिमांशु कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।

# सऊदी अरब से घर पहुंचा कैफ़ का शव, परिजनों में मचा कोहराम

## दो सप्ताह पूर्व सड़क हादसे में हो गयी थी मौत

**शेरकोट (चिंगारी)।** दो सप्ताह पूर्व सऊदी अरब में सड़क हादसे का शिकार हुए शेरकोट निवासी मौ. कैफ का शव शुक्रवार की शाम घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। बाद नमाज़ इशा गमगीन माहौल में उसे सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

गौरतलब है कि नगर के मोहल्ला कोटरा निवासी मौ. खालिद का 25 वर्षीय पुत्र मौ. कैफ सऊदी अरब के जद्दा शहर में स्थित किसी कम्पनी में काम करता था, जहां से वह अपने कुछ साथियों के साथ उमराह करने मक्का गया था। गत 27 फरवरी को मक्का से जद्दा लौटते समय कैफ की कार किसी वाहन से टकरा गई थी, जिसमें उसके साथियों की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि मौ. कैफ ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया था। मृतक कैफ चार भाइयों में सबसे बड़ा था और अभी अविवाहित था और मिलनसार एवं खुशमिजाज था। घटना के बाद परिजनों ने कम्पनी के अधिकारियों से कैफ का शव सऊदी से घर भेजने की इच्छा जताई थी। तमाम कागज़ी कार्रवाई पूरी किये जाने के बाद शुक्रवार की सुबह साढ़े ग्यारह बजे कैफ का शव फ्लाइट से दिल्ली पहुंचा, जहां से एम्बुलेंस के माध्यम से घर लाया गया। शाम सात बजे शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। रात साढ़े नौ बजे गमगीन माहौल में कैफ को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। उसके जनाजे में काफी लोगों ने शिरकत की।



# सीडीओ रणविजय सिंह ने विकास कार्यों की समीक्षा की

## ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** सीडीओ बिजनौर रणविजय सिंह शुक्रवार को अफजलगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत रसूलपुर आबाद पहुंचे, जहां उन्होंने ग्राम चौपाल कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन करने उपरांत गांव की सड़कों, नालियों, सफाई व्यवस्था, सामुदायिक शौचालय, स्कूल व निर्माणाधीन पानी की टंकी आदि का निरीक्षण किया। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने ग्राम प्रधान नजमुस्सहर एवं पंचायत सचिव नाजिम मलिक को विकास कार्यों में और तेजी लाने एवं जल निगम के अधिकारियों को पानी की टंकी का समय रहते निर्माण पूर्ण करने को निर्देशित दिया। सीडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्रों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की और 2 बच्चों का अन्नप्राशन कराते हुए 5 गर्भवती महिलाओं को फलों की टोकरियां भेंट कीं।


रसूलपुर आबाद में ग्राम चौपाल का फीता काटकर उद्घाटन करते सीडीओ रणविजय सिंह।

स्कूल में बच्चों से रूबरू होकर सीडीओ ने शिक्षा की गुणवत्ता को जांचा परखा और संतोष जाहिर किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने सरकारी आवास एवं पेंशन आदि की कई समस्याओं/शिकायतों से उन्हें अवगत कराया, जिस पर उन्होंने संबंधित अधीनस्थों को समस्या के शीघ्र समाधान के निर्देश दिये। कार्यक्रम में बीडीओ मनवीर सिंह, एडीओ (पं.) ललित प्रताप सिंह, इंचार्ज सीडीपीओ अनीता चौहान, प्रधानपति रईस अहमद, पंचायत सचिव नाजिम मलिक व इरफान अली मंसूरी आदि सहित अनेक कर्मचारी, अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# रोटरी क्लब के शिविर में 25 लोगों ने किया रक्तदान



**हल्दौर (चिंगारी)।** रोटरी क्लब हल्दौर के द्वारा पुरुषोत्तम नर्सिंग होम पर लगाए गए रक्तदान शिविर में 25 लोगों ने अपना ब्लड देकर रक्तदान महादान में सहयोग प्रदान किया। कैंप चेयरमैन रो. राजीव शरण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हिंद चैरिटेबल ब्लड सेंटर बिजनौर के सहयोग से लगाए गए रक्तदान शिविर में 25 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। ब्लड डोनेशन करने वालों में में क्लब अध्यक्ष रो.नवीन कुमार एड., सचिव रो. अनूप अग्रवाल, रो.अनुज मारवाड़ी, रो. जितेंद्र कुमार मारवाड़ी के अतिरिक्त प्रशांत कुमार, अवधेश शर्मा, अजीत चौहान, आशीष रस्तौगी, सतीश वर्मा, अरविंद कुमार, प्रियांशु वर्मा, श्रीमती मनोज, स्वाति, सौरभ, दीपांशु राजपूत, पुष्पेंद्र सिंह, रिपन धनकड़ आदि रहे। हिंद चैरिटेबल ब्लड सेंटर की ओर से डॉ. मशाहिर, डॉ. अतुल कुमार, हृदयेश, वंदना, नितिन, रियाज आदि का विशेष सहयोग रहा। रोटरी क्लब की ओर से रो. अनिल सिंह, रो.धर्मेंद्र रस्तौगी, रो.देवेंद्र रस्तौगी, रो.प्रवीण रस्तौगी आदि का सहयोग रहा।

# इन्दिरा पार्क में सिटी फूड हब का शुभारंभ

**बिजनौर (चिंगारी)।** इंदिरा पार्क में स्थित सिटी फूड हब का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएफओ जय सिंह कुशवाहा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर किसान नेता चौ. दिगंबर सिंह, पूर्व चेयरमैन शमशाद अंसारी, वन क्षेत्राधिकरी महेश गौतम, पंडित अभिलाष शर्मा आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मीनू गोयल, नवीन गर्ग, संजीव शर्मा, अवनीश गौड़, आलोक भारद्वाज, सत्येंद्र शर्मा, नदीम आजाद, कामेंद्र सिंह, राजू अग्रवाल, विनीत चौधरी, विकास अग्रवाल, हितेंद्र खराबंदा, विकास विश्वकर्मा, प्रशांत चौधरी आदि उपस्थित रहे।



# रमज़ान के आख़िरी अशरे में इबादत, कुरआन की तिलावत का ख़ास एहतिमाम करें- मुफ़्ती कफ़ील

## महिलाओं का दीनी जलसा

**नगीना (चिंगारी)।** हाजी रईस अहमद निवासी मोहल्ला कलालन के निवास स्थान पर महिलाओं का एक दीनी जलसा आयोजित किया गया, जिसमें रमज़ान मुबारक की फ़ज़ीलत और खास तौर पर शब-ए-क़द्र की अहमियत को बयान किया गया। इस मौके पर मुफ़्ती कफ़ील अहमद मज़ाहिरी ख़ादिम मदरसा जामिया अरबिया राशीदिया नगीना ने खिताब करते हुए कहा कि रमज़ान मुबारक अल्लाह तआला की रहमतों, बरकतों और मग़फ़िरत का महीना है। इस मुबारक महीने में बंदों के लिए नेकी के बहुत से मौके दिए जाते हैं और अल्लाह तआला अपने बंदों पर खास रहमत फरमाता है। उन्होंने कहा कि रमज़ान की सबसे बरकत वाली रात शब-ए-क़द्र है, जिसके बारे में कुरआन करीम में फरमाया गया है कि लैलतुल क़द्र खैरुम मिन अल्फि शहर यानी यह रात हजार महीनों से बेहतर है। इस एक रात की इबादत इंसान की पूरी ज़िंदगी की इबादत से भी ज्यादा क़ीमती बन जाती है। उन्होंने महिलाओं को नसीहत करते हुए कहा कि रमज़ान के आख़िरी अशरे में इबादत, कुरआन की तिलावत, ज़िक्र, दुआ और इस्तिग़फ़ार का खास एहतिमाम करें ताकि शब-ए-क़द्र की बरकतें हासिल हो सकें। आख़िर में मुफ़्ती कफ़ील अहमद मज़ाहिरी ने दुआ कराई और अल्लाह तआला से उम्मत-ए-मुस्लिमह की मग़फ़िरत, मुल्क व मिल्लत की सलामती और रमज़ान मुबारक की बरकतों से भरपूर फायदा उठाने की तौफ़ीक़ मांगी। इस मौके पर हाजी रईस अहमद, मोहम्मद आमिर समेत अन्य लोग मौजूद रहे, जबकि बड़ी संख्या में महिलाओं ने जलसे में शिरकत कर बयान से फायदा हासिल किया।



# ट्रेंच विधि से गन्ना बोयें किसान- जय अदलखा

## गन्ना बुआई कर रहे किसानों से सुझाव साझा किये


ट्रैक्टर-ट्रेंचर चलाकर ट्रेंच ओपन करते जय अदलखा

**नांगल सोती (चिंगारी)।** उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर के अध्यक्ष एवं सीएमडी राजकुमार अदलखा के सुपुत्र जय अदलखा ने मिल क्षेत्र का भ्रमण कर गन्ना बुआई कर रहे किसानों से अपने सुझाव साझा किये। साथ ही गोष्ठी आयोजित कर किसानों को ट्रेंच विधि से गन्ना बुआई के लिये प्रेरित किया।

उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर के मंडावर जोन के ग्राम दयालवाला में स्थित नारायण पब्लिक इंटर कॉलेज में मिल प्रशासन द्वारा एक विशाल कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उपस्थित 200 से ज्यादा किसानों को सम्बोधित करते हुए जय अदलखा ने कहा कि ट्रेंच विधि से गन्ना बुआई करने से गन्ना स्वस्थ रहता है तथा उत्पादन में वृद्धि होती है। जय अदलखा ने कहा कि इस समय खेतों में लाल सड़न रोग (गन्ने का कैंसर) की फफूंदी मौजूद है। इस फफूंदी से गन्ने की फसल को बचाने के लिये ट्राईकोडर्मा का प्रयोग करना अतिआवश्यक है। गन्ना बुआई से पहले बीज शोधन करना भी आवश्यक है। इसके उपरान्त किरतपुर जोन के ग्राम मुस्सेपुर में भी कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। उपरोक्त बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा के अलावा पेडी प्रबंधन को लेकर भी चर्चा की गई। गोष्ठियों को सफल बनाने में अधिशासी निदेशक एस.एल. शर्मा, संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर, नम्रता पांडेय, महाप्रबंधक (गन्ना) विकास पुंडीर, कुलदीप सिंह, चांदवीर सिंह, अजय बालियान, नीरज पंवार का विशेष योगदान रहा। कृषक साधुराम सिंह, राजेश प्रधान, मोहित कुमार, विपुल कुमार, शिवकुमार प्रधान, महीपाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह सोलंकी, मौ. अकरम, हेमेन्द्र सिंह, नरेश कुमार सहित सैकड़ों कृषक उपस्थित रहे।


एक कृषक के खेत पर गन्ना बुआई कराते जय अदलखा एवं नरपत सिंह।

# घटना से पुलिस में हड़कम्प, भाजपा व हिंदू संगठनों में आक्रोश

## आरोपी शोएब ने पुलिस पर भी गमले फेंके



मौके पर मौजूद हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता।



घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए विधायक अशोक राणा।

धामपुर (चिंगारी)। पुलिस के अनुसार मौके से शोएब नाम का आरोपी पकड़ा गया है। वह ई-रिक्शा चलाता है। शोएब अमित शर्मा के घर के ठीक सामने रहता है। वह ग्राम प्रधान कफील अहमद अंसारी का रिश्तेदार है। ग्राम पुराना धामपुर के निवासियों का कहना है कि शोएब फितरती और आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जो आयेदिन गांव में झगड़ा करता रहता है। बताया जाता है दो दिन पहले उसने अमित शर्मा के जनसेवा केंद्र पर पहुंचकर उनसे झगड़ा किया था।

आज तड़के साढ़े 3 बजे हुई घटना की खबर दिन निकलने तक शहर तथा आसपास के इलाके में जंगल की आग की तरह फैल गई। सूचना पर सीओ अभय कुमार पाण्डे व कोतवाल मृदुल कुमार सिंह पुलिस बल के साथ जब मौके पर पहुंचे तो एक बदमाश मकान की छत पर था। पुलिस के अनुसार उक्त बदमाश ने छत पर रखे गमले उठाकर पुलिस पर फेंकने शुरू कर दिये। इस बीच अमित शर्मा ने घर का मेन गेट खोल दिया, जिससे पुलिस ने अंदर प्रवेश किया और बदमाश को घेरकर पकड़ लिया। जिसकी पहचान शोएब के रूप में हुई। बताया जाता है कि पकड़े जाने से पहले शोएब ने एक बैग दूसरे बदमाश को सौंप दिया, जो मौके से फरार हो गया।



घटना से भयाक्रांत पूजा शर्मा व उनके बच्चे।

**4 लाख कैश व जेवर लूटने का आरोप**

अमित शर्मा की पत्नी पूजा शर्मा ने बताया कि बदमाश अलमारी से 4 लाख रुपये कैश, सोने की कंठी, कानों के दो कुंडल, सोने की चार चूड़ियां, अंगूठी, चांदी के 20 सिक्के लूटकर ले गये। घर में घुसने से पहले बदमाशों ने सीसीटीवी कैमरों को तोड़ दिया और सोलर पैनल की प्लेट भी उखाड़ दी।

### विधायक और हिंदू नेता मौके पर पहुंचे

सूचना मिलते ही धामपुर के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा मौके पर पहुंच गये। उन्होंने परिजनों से घटना की जानकारी लेते हुए भरोसा दिलाया कि आरोपियों को बख्शा नहीं जायेगा। विधायक अशोक राणा ने पुलिस अधिकारियों से भी बात की और उनसे आवश्यक कार्रवाई को कहा। पूर्व मंत्री एवं एमएलसी अशोक कटारिया ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व मण्डल प्रभारी डॉ. एन.पी. सिंह, आरएसएस के प्रांत बौद्धिक प्रमुख सुनील चौधरी, जिला संघ चालक अनिल कुमार, डॉ. आदित्य कुमार अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राजू गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, डॉ. बीके सिंह, विकास जैन, सुनील गुप्ता सहित सैकड़ों भाजपा व हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। सभी ने घटना पर तीव्र आक्रोश व्यक्त किया।

### रासुका लगाने की मांग

पूर्व पालिकाध्यक्ष लीना सिंघल ने कहा कि आरएसएस के जिला कार्यवाह विपिन जी के निवास पर सुनियोजित हमला बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। घटना की कड़ी निंदा करते हुए उन्होंने आरोपी शोएब पर रासुका लगाने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।



अलमारी, परिवार के अनुसार जिससे माल लूटा गया।

### मौके पर पुलिस बल तैनात

घटना के बाद पुलिस ने अमित शर्मा के घर को जाने वाली गली का मेन गेट बंद कर पुलिस बल तैनात कर दिया। अमित शर्मा के पड़ौस में रहने वाली शहाना अली ने बताया कि शोएब ने इस घटना को अंजाम देने से पहले उनके घर का गेट तोड़ने का प्रयास किया, जो सीसीटीवी कैमरे में कैद है। इतना ही नहीं शोएब ने मोहम्मद असलम के गेट की प्लास्टिक की चादर को भी तोड़ दिया और एक कार के शीशे चकनाचूर कर दिये।

### कठोरतम कार्रवाई की जायेगी-एसपी

पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा का कहना है कि आरोपी शोएब अमित शर्मा और उनके परिजनों को जान से मरने की नीयत से घर में घुसा था। पीड़ित परिवार की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आरोपियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि शोएब की बैगग्राउंड की भी जांच की जा रही है। इंस्टाग्राम पर धमकी दिये जाने के प्रश्न पर एसपी ने कहा कि साइबर सेल द्वारा इसकी जांच कराई जायेगी।





### प्रभारी मंत्री भी पहुंचे

**घटना की सूचना पर जिले के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों को आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा शर्मा परिवार की सुरक्षा के कड़े निर्देश दिये। उन्होंने संघ कार्यकर्ता विपिन कुमार से घटना की पूरी जानकारी ली।**

# काशीरामपुर में कैंसर स्पेलिस्ट डॉक्टरों की टीम न पहुंचने से ग्रामीणों में रोष

## पांच लोग अभी भी कैंसर की बीमारी से जूझ रहे है

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम काशीरामपुर में कैंसर से पीड़ित मरीजों को लेकर गांव के लोग सहमे हुए है। काशीरामपुर गांव में पिछले 10 से 12 सालों में अब तक कैंसर की बीमारी के कारण 28 मौत हो चुकी है। 5 लोग अभी भी गांव में कैंसर की बीमारी से जूझ रहे है, जो कि अपनी जिंदगी से लड़ रहे है। स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा गांव में स्क्रीनिंग की गई है, लेकिन गांव में कैंसर की जांच के लिए कैंसर स्पेशलिस्ट डॉक्टर की टीम के नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों में रोष है। जल निगम की टीम के द्वारा गांव में दोबारा से तालाब, सबमर्सिबल व गांव में लगे सरकारी हैंडपंपों के पानी का सैंपल लिया गया था। जल निगम बिजनौर के सहायक अभियंता शुभम सक्सेना ने बताया कि टीम के द्वारा गांव से 20 पानी के सैंपल जांच के लिए गए थे जिनको जांच के लिए भेजा गया था। पानी के सैंपल की रिपोर्ट में 8 पानी का सैंपल पास हुआ है जो कि पीने योग्य है। तालाब के पानी सहित 12 नमूने फेल हुए है जिसका पानी पीने योग्य नहीं है। इससे पूर्व में भी गांव से 10 सरकारी हैंडपंपों पानी का सैंपल लिया गया था, जिसमें से 7 सरकारी हैंडपंपों का पानी का सैंपल फेल हुआ था। जिसको पूर्व में ग्राम पंचायत सेक्रेटरी के द्वारा क्रॉस कर दिया गया था। जल निगम के सहायक अभियंता शुभम सक्सेना ने बताया कि दोबारा से लिए गए पानी के सैंपल की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है।

# गैरसैंण बजट सत्र के पांचवें दिन के दौरान माहौल हुआ शायराना

**गैरसैंण (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर धामी सदन में अपने बयानों से ही नहीं, अपने एक्सप्रेशन और हरफनमौला अंदाज से भी विपक्ष के साथ आम जनता का भी दिल लूट लेते हैं। ऐसा ही कुछ वाकिया तब देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रश्नकाल के बाद सदन में पहुंचे।



सदन में पुष्कर सिंह धामी गैरसैंण बजट सत्र के पांचवें दिन वक्तव्य रखने के लिए आए। जैसे ही मुख्यमंत्री वक्तव्य रखने के लिए खड़े हुए और बोलने लगे, तभी सामने विपक्ष की ओर से आवाज आई कि थोड़ा तेज बोलिए, आवाज नहीं आ रही है। इस पर सीएम धामी बोले कि 'मेरी लंबाई ज्यादा है तो क्या करूं' इतने में विधानसभा स्पीकर ऋतु खंडूड़ी भी बोलीं कि 'माइक लंबे करने पड़ेंगे' इसके बाद सामने से कांग्रेस विधायक बहुत सारी टिप्पणियां करने लगे और मुख्यमंत्री से मजाक करने लगे। इस पर मुख्यमंत्री धामी ने अपने चिर परिचित अंदाज में मुस्कुराते हुए कांग्रेस विधायकों से बोले कि वो तिवारी जी क्या कहते थे ध्यान है? यूं तो यहां आने वाला हर कोई शख्स मेरे से बड़ा है, लेकिन मेरा कद भी कुछ कम नहीं।'

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी की इन पंक्तियों को सदन में जब दोहराया और कांग्रेस के नेताओं से पूछा की याद है या नहीं, तो धामी की हाजिर जवाबी को देख कर सदन में हर कोई स्तब्ध रह गया। सामने विपक्ष से जो टिप्पणी कर रहे थे, उनमें यशपाल आर्य, काजी निजामुद्दीन, हरीश धामी, विक्रम नेगी, इंजीनियर रवि बहादुर, भुवन कापड़ी सभी के चेहरे पर सीएम धामी के इस शायराना अंदाज के बाद मुस्कुराहट थी।

## महिला के फोटो वायरल करने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार पुलिस ने सोशल मीडिया पर एक महिला को उनके निजी फोटो वायरल करने व जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला को फोन पर जान से मारने की धमकी देते हुए फोटो व वीडियो वायरल न करने के बदले में डेढ़ लाख रू. मांग रहा था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 मार्च 2026 को स्थानीय निवासी एक महिला द्वारा कोतवाली में विनय सैनी नाम के व्यक्ति द्वारा उन्हें फोन पर लगातार गाली-गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने व उनके निजी फोटो एवं वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपलोड करने की धमकी देने व फोटो एवं वीडियो को वायरल न करने के बदले डेढ़ लाख रू. की मांग करने संबंधी शिकायत दर्ज कराई। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच आरंभ कर दी। जांच में मामले में यूपी के गौतमबुद्ध नगर निवासी विनय सैनी की संलिप्तता की पुष्टि हुई। इस पर पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास करने के बाद आरोपी विनय सैनी पुत्र ओमदत्त सैनी निवासी- कुलेसरा गांव, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर उ.प्र.को नोएडा से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।




## महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता, कुमकुम भारद्वाज आई प्रथम

**कोटद्वार (चिंगारी)।** राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी की एनएसएस इकाई एवं एंटी ड्रग्स सेल की ओर से शिक्षा ही नहीं चाहिए, नशामुक्त उत्तराखंड चाहिए, थीम पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में कुमकुम भारद्वाज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान डू समथिंग सोसाइटी की ओर से मातृ-पितृ विहीन छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता के चेक भी वितरित किये गये। मुख्य अतिथि प्रकाश चंद्र कोठारी ने छात्रों को संस्कारयुक्त और नशामुक्त जीवन जीने का संदेश दिया। प्राचार्य प्रो. हरिश्चंद्र ने युवाओं से अनुशासित रहने का आह्वान किया। तत्पश्चात आयोजित भाषण प्रतियोगिता में कुमकुम भारद्वाज पहले, अंशिका बिष्ट दूसरे और तनीषा तीसरे स्थान पर रहीं।

## महर्षि विद्या मंदिर में आध्यात्मिक शिविर का आयोजन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम के अन्तर्गत बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में अभिभावकों के लिए ध्यान एवं आध्यात्म शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आरंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह गुसाईं व शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करकेकिया। तत्पश्चात विद्यालय के शिक्षकों ने ध्यान और अध्यात्म के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि ध्यान पद्धति मानसिक शांति, एकाग्रता और स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। कहा कि आधुनिक जिंदगी की दौड़ धूप के बाद व्यक्ति को कुछ देर के लिए अध्यात्म पर भी ध्यान देना चहिए। इससे जीवन में शांति और सकारात्मकता स्थापित की जा सकती है। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य ने अभिभावकों को ध्यान और आध्यात्मिक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में समस्त अभिभावकों एवं शिक्षक मौजूद रहे।

## बीजीयू में मनाया गया टैक्नीशियन डे

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम के अंतर्गत झंडीचौड़ स्थित भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय में मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नीशियन डे मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का आरंभ करते हुए विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो.पी. एस. राणा ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में लैब टैक्निशियन की भूमिका की सराहना की। इस दौरान छात्रों द्वारा विभिन्न मॉडल और प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के दौरान बीएमएलटी छात्रों द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। वहीं प्राध्यापिका निहारिका ने मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नीशियन के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह, वाइस चेयर पर्सन डॉ. आशा सिंह व डॉ. विभांशु विक्रम सिंह सहित विश्व विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## पूर्ति विभाग ने चेकिंग अभियान चलाकर पिकअप वाहन से बरामद किये 35 सिलेण्डर

**कोटद्वार (चिंगारी)।** जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देशन में जनपद में एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने और घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए शुक्रवार को प्रशासन व पूर्ति विभाग की टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण अभियान चलाया। अभियान के दौरान कोटद्वार के लालबत्ती चौराहे पर एक पिकअप वाहन से 20 खाली व्यावसायिक गैस सिलेंडर और 15 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किये गये। उपजिलाधिकारी संदीप कुमार के नेतृत्व में नायब तहसीलदार, बाट-माप निरीक्षक और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी की संयुक्त टीम ने सूचना के आधार पर वाहन को पकड़कर सिलेंडरों को जब्त किया। मामले में वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। मौके पर अधिकारियों ने जनता से घरेलू गैस की किल्लत संबंधी अफवाहों पर ध्यान न देने व सरकार की ओर से जारी दिशा निर्देशों का पालन करने की अपील की।

## मंदिर परिसर में बनेंगी दुकानें

**कोटद्वार (चिंगारी)।** आद्य सनातन शक्तिपीठ श्री गणेश गिरि धर्मार्थ समिति की ओर से पाखरो मार्ग पर स्थित मंदिर परिसर में दुकानों का निर्माण कराकर आजीविका के लिए बेरोजगार युवक-युवतियों को दुकान उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। समिति के सचिव सुमित नेगी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इन दुकानों के लिए बेरोजगार युवक-युवतियां 10 अप्रैल तक मंदिर परिसर स्थित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## 50 वर्ष की वकालत पूरी करने वाले अधिवक्ताओं को किया सम्मानित

**नैनीताल (चिंगारी)।** जिला बार एसोसिएशन में आयोजित सम्मान समारोह में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आलोक मेहरा ने वकालत के क्षेत्र में 50 वर्ष पूर्ण करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ताओं को शॉल ओढ़ाकर एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर जिला जज प्रशांत जोशी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवत प्रसाद और सचिव दीपक रुवाली सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने न्यायमूर्ति मेहरा को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति आलोक मेहरा ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं को बार की अनमोल धरोहर बताते हुए कहा कि उनका अनुभव मार्गदर्शन और कार्यशैली ही किसी भी बार की वास्तविक शक्ति होती है।



उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ताओं के अनुभव से नई पीढ़ी के अधिवक्ताओं को निरंतर सीखने की प्रेरणा मिलती है और यही परंपरा न्याय व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाती है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवत प्रसाद ने न्यायमूर्ति आलोक मेहरा का आभार व्यक्त किया।

वहीं सचिव दीपक रुवाली ने न्यायमूर्ति मेहरा के जीवन और व्यक्तित्व को अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष शंकर सिंह चौहान, वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर कंसल, मनीष मोहन जोशी, राजेश चंदोला, प्रभात पांडेय, राजेन्द्र कुमार पाठक, ओंकार गोस्वामी ज्योति प्रकाश बोरा, अरुण बिष्ट, मंजू कोटलिया सबीना, उस्मान, प्रीति साह, कैलाश जोशी, गिरीश खोलिया, बीके सांगुड़ी, संजय त्रिपाठी, भुवन जोशी, मुन्नी आर्या, किरन आर्या, जया आर्या, कामिनी गंगवार, संध्या सहित न्यायाधीश व अधिवक्ता मौजूद रहे।

### इन वरिष्ठ अधिवक्ताओं को न्यायमूर्ति ने किया सम्मानित

**एनके खोलिया, एम बी सिंह ढेला, घनानंद बर्थवाल, मान सिंह बिष्ट, हरीश चंद्र पांडेय, कृष्णानंद भट्ट, प्रकाश कांडपाल, सतीश पंत।**

# सात दिवसीय रासेयो शिविर का रंगारंग समापन




**चांदपुर ( चिंगारी )**। गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सभासद श्रीमती एकता चौधरी एवं प्राचार्या प्रोफेसर साधना द्वारा किया गया। इसके उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। हिमानी द्वारा सरस्वती वंदना करने के उपरांत कुमारी मनु वर्मा ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अरीबा आफताब, हिमानी, तरुणा, पायल, आराधना, पूनम, अनम, मनीषा, पल्लवी चौहान, आयशा, शिवा, दीपक, अल्फिया इमरान आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। देव सैनी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में अपना प्रभावपूर्ण भाषण देते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या एवं मुख्य अतिथि के द्वारा सात दिवसीय शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए छात्र इकाई के देव सैनी, ललित, शिवा, तरुण श्रीवास्तव तथा अमन कुमार एवं छात्रा इकाई की स्वयंसेविकाओं शुमाएला मलिक, अल्फिया इमरान, तिलका, आराधना तथा हिमानी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र इकाई के सहायक परियोना अधिकारी डॉ. राजकुमार एवं छात्रा इकाई की सहायक परियोजना अधिकारी श्रीमती पूजा राजपूत के अतिरिक्त प्रो. अनिल वर्मा, राजेश श्रीवास्तव, कुलदीप कुमार, सौरभ चौहान, कुलदीप, रवि कुमार, सौरव, संजय, धर्मेंद्र, सोनू का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन कुमारी श्रद्धा वत्स ने किया

# शिव महापुराण कथा के शुभारम्भ से पूर्व निकली भव्य कलशयात्रा



**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )**। सात दिवसीय शिव महापुराण कथा महोत्सव से पूर्व गाजे–बाजे के साथ नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। शुक्रवार को शिव महापुराण कथा के आयोजन से पूर्व कस्बे में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। राज विलास पैलेस से शुरू हुई इस यात्रा में बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। कथा वाचक आचार्य दीपक कृष्ण शंखधार महाराज को रथ पर विराजमान कर नगर परिक्रमा कराई गई। कलश यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई कथा स्थल पर पहुंची, जहां आचार्य दीपक कृष्ण शंखधार महाराज को विधिवत गद्दी पर विराजमान कराया गया। कथा व्यास ने शिव महापुराण की महत्ता पर प्रकाश डाला। संयोजक शुभम वालिया व सत्येंद्र आर्य ने बताया कि कथा 13 मार्च से 19 मार्च तक प्रतिदिन सायं 7 बजे से होगी। इस अवसर पर राजेंद्र अग्रवाल, सुरेश सैनी, श्रवण कुमार, अरुण गिरि, शोभा वालिया, सरिता देवी, वीरेंद्र शर्मा, जितेंद्र आर्य, सुमित विश्वकर्मा सहित अनेक व्यक्ति मौजूद रहे।

# विश्व किडनी दिवस पर किया पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )**। विश्व किडनी दिवस पर एएचएम कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस में पोस्टर प्रतियोगिता के साथ ही स्वस्थ किडनी पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जनजागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ कमलजीत सिंह नूर ने किया। कॉलेज इंचार्ज सोफिया अंसारी, प्रधानाचार्य इन्तेकाव हुसैन, अवधेश कुमार, विशाल कुमार, शहजाद हुसैन, जैद अंसारी ने एक स्वस्थ किडनी पर प्रकाश डालते हुए इसके प्रति जागरूकता को जरूरी बताया। उचित खानपान, परहेज, तनावमुक्त जीवन तथा समुचित उपचार के द्वारा किडनी को स्वस्थ रखा जा सकता है। दर्द निवारण टेबलेट का सेवन डॉक्टर की सलाह से ही करें। नीम हकीमों से सावधान रहें। छात्रा इकरा नाज, रोशनी, युक्ति, लाइबा, अकीबा, रूपा, तालिब, आदित्य आदि ने पोस्टर, प्रोजेक्ट के माध्यम से किडनी के बारे में बताया। कार्यक्रम के बाद किडनी जागरूकता रैली निकाली गई। संचालन शिक्षिका निकिता ने किया।




# फाइलेरिया के प्रति जागरुक किया



**बिजनौर ( चिंगारी )**। रेडियो संदेश बिजनौर ने फाइलेरिया बीमारी के प्रति लोगों को सचेत रहने हेतु जागरूक किया। रेडियो टीम सदस्य मनोज यादव ने बताया कि फाइलेरिया एक परजीवी संक्रमण है, मच्छरों के काटने से फैलता है और शरीर के लिम्फेटिक सिस्टम को प्रभावित करता है, इसके प्रमुख लक्षण पैरों या हाथों में सूजन, त्वचा का मोटा होना आदि हैं। यदि इसके बचाव की बात करें तो परजीवी रोधी दवाएं, गंभीर और पुरानी सूजन वाले लोगों के लिए सर्जरी, या विशेष लिमफेकमा देखभाल की आवश्यकता होती है। विशेष रूप से अपने आसपास सफाई रखें, मच्छर न पनपने दें, यही सावधानी है। इस अवसर पर सुरेशचंद धरना, रामकुमार, योगेश कुमार, कु. कहकशा, मानसी आदि लोग उपस्थित रहे। रेडियो टीम की ओर से सुनील भारद्वाज, डॉ. शबनम, शबाना बेग, मनोज यादव आदि उपस्थित रहे।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड, कानपुर

अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना 49/अ0अ0/बैयॉअखंका/2025-26

पत्रांक : 359 /बैयांअनुखं0का/ई-निविदा नोटिस/ 2025-26 दिनांक 09.03.2026

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा ऑनलाइन वेबसाइट http.//etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नलिखित कार्य हेतु प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड पात्र निविदा दाताओं से प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति की प्रत्याशा में दिनांक 23/03/2026 को 10.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है।

आमंत्रित निविदा की सूचना निम्नानुसार है :-

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत जी0एस0टी अतिरिक्त नियमानुसार (लाख रू0) में | धरोहर धनराशि रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जनपद बिजनौर में रावली तटबंध के दायें तरफ गंगा नदी में चैनेलाइजेशन द्वारा रिवर ट्रेनिंग कार्य की परियोजना हेतु विभागीय एलिकॉट ड्रेजर के सहवर्ती उपकरण के मोबलाइजेशन के कार्य बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार। | 10.66 | 21,400.00 | 6 दिवस | 500.00 + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | निविदा की शर्तो के अनुसार |
| बी | वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि एवं समय | | | | 16/03/2026 को समय 12:00 बजे से | |
| सी | बिड अपलोड करने की अवधि, जिसके साथ बिड डाक्यूमेंट शुल्क, बिड सिक्योरिटी, रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक डाक्यूमेंट्स पी0डी0एफ0/ एक्स0एल0 एस0 फार्मेट में | | | | 16/03/2026 को समय 12:00 बजे से 23/03/2026 को 10:00 बजे तक | |
| डी | निविदा प्रपत्र शुल्क, बिड सिक्योरिटी, रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र व अन्य वांछित अभिलेख मूल रूप में, अधिशासी अभियन्ता, बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड, कानपुर के कार्यालय में जमा करने की निर्धिरित तिथि व समय | | | | 23/03/2026 को 12:00 बजे तक | |
| ई | आनलाइन पार्ट-'ए' प्री-क्वालीफिकेशन, टेक्निकलबिड (धरोहर धनराशि व तकनीकी भाग) खोले जाने की तिथि एवं समय | | | | 23/03/2026 को अपराह्न 15:00 बजे | |
| एफ | आनलाइन पार्ट-'बी' (वित्तीय भाग) फाइनेन्शियल बिड खोले जाने की तिथि एवं समय | | | | पार्ट-'ए' खोलने के उपरान्त | |
| जी | बिड खोले जाने का स्थान | | | | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड, 67-ए कैण्ट, कानपुर-208004 | |

1-निविदा सूचना, सूचना विभाग की वेब-साइट http.//information.up.gov पर व सिंचाई विभाग की वेब-साइट http.//idup.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र ई-प्रक्योरमेंट वेबसाइट http.//etender.up.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं, परन्तु निविदा प्रपत्र का मूल्य, धरोहर धनराशि कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड, कानपुर के नाम केवल इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन देय होगी, जो निविदा के भाग-'ए' के साथ आवश्यक रूप से जमा किया जायेगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य, निविदा के भाग-'ए' के साथ संलग्न न किये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

2-निविदा सूचना में कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उक्त वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा। कृपया समय-समय पर उक्त वेबसाइट को चेक करते रहे।

नोट-: 1-निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार का साईट विजिट किया जाना आवश्यक है।
2-बजट एवं साइट की आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घट/बढ़ सकती है।
3-ठेकेदारों को कार्य पूर्ण करने हेतु टी0एण्ड पी0 एवं अन्य सामग्री की व्यवस्था स्वयं करनी होगी ।

(प्रणव सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
बैराज यान्त्रिक अनुरक्षण खण्ड, कानपुर

R.O.No. 248007 Date: 12-03-2026
UPID.www.upgov.nic.in



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**रविवार, 15 मार्च 2026**

मेष- व्यापार में धन निवेश, परोपकार में रुचि, परिवार में सुख शांति, मनोबल में वृद्धि, दाम्पत्य जीवन सुखी, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।

वृषभ- साहसिक प्रयास प्रगति पर, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, प्रतियोगिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, अध्यावसाय की ओर रुचि।

मिथुन- योजना अपूर्ण, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, शारीरिक कष्ट, आय की तुलना में व्यय अधिक, पारिवारिक सम्बन्धों में वैमनस्यता, सुपरिचितों से वाद-विवाद की आशंका।

कर्क- दिन बेहतर, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, सुसंदेश की प्राप्ति, भौतिक सुख के साधन सुलभ।

सिंह- ग्रहयोग बेहतर, आत्मसंयम से कार्यसिद्धि, पारिवारिक समस्याओं का समाधान, आत्मीयजनों से मधुरता, बकाए धन की प्राप्ति, व्यक्तिगत जीवन में सुखशांति।

कन्या- विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, यश-मान प्रतिष्ठापरक कृत्य सम्पन्न, आशानुकूल घटनाएं घटित, वैमनस्यता का समापन, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

तुला- स्वास्थ्य में शिथिलता, व्यावसायिक उन्नति में बाधा, आत्मविश्वास में कमी का एहसास, प्रगति में अवरोध, व्यवहार में लापरवाही हानिकारक, विरोधी प्रभावी।

वृश्चिक- शुभ भावनाओं का उदय, आर्थिक-व्यापारिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, राजनीतिक कृत्यों में अभिरुचि, विवाद के समापन में मित्र सहायक, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

धनु- अभीष्ट कार्यों में सिद्धि, मनो-विनोद के सुअवसर प्राप्त, जटिल समस्याओं का समाधान, राजनैतिक गतिविधियों की ओर रुझान, श्रेष्ठजनों की सलाह मान्य।

मकर- शुभ भावनाओं का उदय, आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, मनोबल में वृद्धि, दूर-समीप की यात्रा का प्रसंग, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

कुम्भ- समय भाग्य के विपरीत, आहार-विहार में अनियमितता, स्वास्थ्य में बाधा, सुपरि-चितों से धोखे की आशंका, प्रतियोगिता में असफलता, प्रेम सम्बन्धों में तनाव।

मीन- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, कठिनाइयों में कमी, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, विवाद का समापन, जीवन साथी से सामंजस्य, आवागमन में अनुकूलता।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# आर. आर. स्कूल में बच्चों को सिखाये आग पर काबू पाने के गुर

**नूरपुर ( चिंगारी )।** स्योहारा रोड स्थित आरआर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को एकदिवसीय मॉकड्रिल का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्कूल के बच्चों व चालकों को आग को बुझाने व उस पर काबू पाने के विभिन्न तरीकों पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया। आग पर नियंत्रण करने में इस्तेमाल होने वाले अग्निशमन यंत्रों के बारे में जानकारी दी गई। स्कूल के उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह ने आग की सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। स्कूली चालकों को आग से बचाव का प्रशिक्षण देकर उन्हें आपातकालीन स्थितियों से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के गुर सिखाए गए, जिसमें अग्नि शमन यंत्रों का सही इस्तेमाल, सिलेंडर में लगी आग को नियंत्रित करना और सुरक्षित निकासी की योजना जैसे महत्वपूर्ण विधियां



शामिल थीं। इसके अलावा बच्चों को आग से बचाव के विभिन्न उपायों का प्रदर्शन मॉकड्रिल के माध्यम से किया गया। सबसे पहले कागज के ढेर में आग लगाकर कार्बन डाईऑक्साइड से आग बुझाकर दिखाया। इसके बाद सिलेंडर से निकली गैस में लगी आग पर नियंत्रण पाने के साथ ही पानी से भीगे हुए कपड़ों से गैस सिलेंडर पर लगी आग बुझाकर दिखाया। यह प्रदर्शन इसलिए किया गया ताकि स्कूली चालक एवं स्कूली बच्चे आग लगने पर खुद का बचाव करने के साथ-साथ आग पर काबू पा सकें। स्कूल के वाहन चालकों प्रताप सिंह, संतोष शर्मा, नरेंद्र शर्मा, रोहित कुमार, दीपक कुमार, करन सिंह, भूदेव सिंह, विजेंद्र यादव, अरुण यादव, अमन सिंह, सुरेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, नरदेव सिंह, जितेंद्र यादव, प्रभाकर वशिष्ठ, जोगिंदर सिंह, दिनेश कुमार, सचिन कुमार आदि ने आग बुझाने के गुरु सीखें। इस अवसर पर सुशांत मेहरा, कपिल वालियान, कौशल कुमार, कपिल कुमार, वीरभान सिंह, सोनिया राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## नहटौर में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिये प्रयास जारी



**नहटौर( चिंगारी )।** नगर में पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के प्रयासों के तहत नगर पालिका परिषद नहटौर द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। मोहल्ला जोशियान में पालिका की ओर से हो रहे नये कुएं (ट्यूबवैल) के बोरिंग कार्य का अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी ने चल रहे निर्माण कार्य का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित ठेकेदार और विभागीय कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्य में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का ही प्रयोग किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बता दें कि नये ट्यूबवैल के निर्माण से मोहल्ला जोशियान और आसपास के क्षेत्रों में पानी के दबाव (वॉटर प्रेशर) की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर नगर पालिका के जेई विपिन कुमार, रमेश सिंह, सलीम अहमद, शाहजेब, कर्मचारी और मोहल्ले के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

## शिविर में ग्रामीणों का किया नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** रमा जैन कन्या महाविद्यालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में छठा दिन 'स्वास्थ्य जागरूकता दिवस' के रूप में मनाते हुए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नि:शुल्क परीक्षण व उपचार की व्यवस्था की गई। गांव खेरुल्लापुर में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में नाक, कान, गला व त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. शोभित पुष्पक ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। कई मरीजों की एंडोस्कोपी के माध्यम से जांच भी की गई तथा उन्हें नि:शुल्क दवाइयां




वितरित की गईं। इस अवसर पर डॉ. शोभित पुष्पक ने स्वयंसेविकाओं एवं ग्रामवासियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्राओं में सेवा भावना का विकास होता है तथा समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना मजबूत होती है। शिविर में महाविद्यालय के निदेशक डॉ. केसी मठपाल, डॉ. अंकुर अग्रवाल व डॉ. दीप्ति माहेश्वरी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अग्रवाल के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने ग्रामीणों की जांच कराकर दवाइयों के वितरण में सहयोग किया। शिविर में लोकेश, रामनाथ, हरपाल सिंह, ललिता प्रसाद, निर्देश, ज्योति, किरण, पारुल, सुनीता, मीठी, भूरिया, लीला, निर्मला, वंश, मूले, सुमन, बलवंत, जयपाल आदि का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ. शोभित पुष्पक का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया।

### आज का विचार

## लालच बुरी बला है, नहीं माने तो ठगे जाएंगे..

-हिंदुस्तानी



एक बार मशहूर ठग नटवर लाल से एक पत्रकार ने सवाल किया कि आप लोगों को बार-बार कैसे ठगने में कामयाब हो जाते हैं, तो नटवर का जवाब था कि हम नहीं ठगते, इंसान का लालच उसको नुकसान उठाने को मजबूर करता है। नटवर का दावा था दुनिया में जब तक लालच है, उसका ठगी का धंधा पुलिस नहीं, कोई भी नहीं रोक सकता। पिछले दिनों नजीबाबाद में हर्षवाड़ा बाईपास पर स्थित कंपनी ड्रीम सन शाइन डिजिटल लोगों का करोड़ों रुपया ठगकर फ़रार हो चुकी है। यह न तो पहली बार हुआ और न आखिरी बार। इससे पहले अमरीन एप्लाइंसेज़ नाम की कंपनी भी ऐसे ही लोगों को ठग कर भाग चुकी है। इसकी वजह यह है कि गरीब अनपढ़ या कम पढ़े-लिखे लोग या कुछ उच्च शिक्षित भी जागरूकता के अभाव में लालच के चक्रव्यूह में फंस जाते हैं। उनका दिमाग़ यह काम नहीं करता कि दुनिया में ऐसा कौन सा बिज़नेस हो सकता है, जिसमें घाटा न होने की गारंटी हो? साथ ही हर महीने 5 से 10 प्रतिशत प्रॉफिट कैसे और कहां से मिल सकता है? ड्रीम डिजिटल ने भी लोगों को एक ही रात में लखपति बनने का सपना दिखाया, करोड़ों का चूना लगाया और रातों रात फरार हो गई। हमने जब इस बारे में तफ़सील से जानकारी की तो पता लगा पहले यह कंपनी ढाई प्रतिशत ब्याज मासिक दे रही थी, फिर पांच फ़ीसदी किया और अब रमज़ान की बरकत बताकर नौ परसेंट रिटर्न कर दिया था। कुछ लोगों को मोटा कमीशन देकर लोगों को इनके जाल में फंसाने को लगा रखा था। अनेक लोगों ने जो प्रॉफिट इस कंपनी से कमाया था, वो भी और अधिक फ़ायदा कमाने को इसी में रि इनवेस्ट करते गए। कुछ ने अपनी ज़मीन, ज़ेवर और बैंक से एक प्रतिशत मासिक ब्याज पर क़र्ज़ लेकर भी बड़ी रकम लगा रखी थी। कंपनी का दावा था कि उनका मुंबई में मिनरल वाटर का बड़ा कारोबार है, जिसमें रॉ मैटीरियल यानि पानी की कोई कीमत नहीं अदा करनी होती, बस उसको पैक करके मार्केट में बेचने से मुनाफा 25/50 परसेंट तक है, जिसमें से वो खर्च निकालकर 5 से 10 प्रतिशत अपने निवेशकों को दे रही है, जबकि यह कोरा झूठ था। इस लेखक ने पता किया कंपनी का मुंबई नहीं, देश में कहीं भी कोई भी कारोबार नहीं था, जो पता दिया था वो भी फर्जी था। जो नम्बर दिये थे वो कभी बोलते ही नहीं थे। साथ ही कंपनी का आरबीआई में कोई रजिस्ट्रेशन नहीं था। जानकारी करने पर इस लेखक ने अपने कई मित्रों और रिश्तेदारों को इस कंपनी से दूर रहने की सलाह दी थी, जिससे उनका भारी नुकसान बच गया और वे इस लेखक को आज शुक्रिया बोल रहे हैं। भविष्य में भी हमारा सभी को मशवरा है, ऐसे लालच, धोखे और फर्जी कंपनी के जाल में फंसकर निवेश नहीं करें, नहीं तो जीवन भर पछताना पड़ेगा।

# घरेलू गैस की जमाख़ोरी, कालाबाज़ारी पर अब सीधे जेल : डीएम

## गैस वितरण का अवैध संग्रहण, बिचौलियों की संलिप्तता, अवैध रिफिलिंग पाए जाने पर गैस एजेंसियों होगी सील

**देहरादून ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनपद में एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के संबंध में आयल कंपनियों के पदाधिकारियों एवं गैस एजेंसी के संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में घरेलू एवं व्यवसायिक गैस आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप एलपीजी गैस वितरण में प्रथम प्राथमिकता घरेलू उपभोक्ताओं को दी जाए, जिससे आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि घरेलू गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी ओटीपी आधारित प्रणाली के माध्यम से सुनिश्चित की जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में प्राकृतिक गैस/एलपीजी सिलेंडर से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या, सूचना अथवा शिकायत के त्वरित समाधान हेतु (कंट्रोल रूम) स्थापित किया गया है। यदि किसी नागरिक को प्राकृतिक गैस या एलपीजी सिलेंडर से संबंधित कोई समस्या, सूचना अथवा शिकायत दर्ज करानी हो तो वह कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 1077, 0135-2626066 एवं 0135-2726066 एवं वाट्सएप्प नम्बर 7534826066 पर संपर्क कर सकता है। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा अनावश्यक रूप से चिंतित न हों। जिला प्रशासन स्थिति पर निरंतर निगरानी बनाए हुए है। 72 के 72 गैस एजेंसियों के गोदाम अब जिला प्रशासन के रडार पर हैं।

जिलाधिकारी ने एजेसियों पर गैस वितरण में अनियमितता एवं अवैध संग्रहण एवं बाहरी लोगों की संलिप्तता, अवैध रिफिलिंग पाए जाने पर सम्बन्धित गैस एजेंसियों को सील करने के निर्देश दिए।

उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों तथा जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए नियमित छापेमारी अभियान चलाया जाए। यदि कहीं भी घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग पाया जाता है तो संबंधित सिलेंडर तत्काल जब्त करते हुए दोषियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 तथा बीएनएस के अंतर्गत निर्धारित प्राविधानों के अनुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# नर्सिंग पेशे में अभिभावक की तरह रोगियों की देखभाल करें : मीनू सिंह

## एम्स में नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स में न्यू ज्वॉइनिंग वाले नर्सिंग अधिकारियों के ज्ञान और कौशल को बढ़ाने के लिए एम्स में सतत नर्सिंग शिक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कहा गया कि नर्सिंग पेशे में रोगियों की देखभाल करते समय अभिभावक की तरह भावनात्मक संयम बरतना बहुत जरूरी है।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कहा नर्सिंग पेशा रोगियों की सेवा के लिए हर समय उपलब्धता, उनके प्रति व्यवहार और कमेटमेंट का क्षेत्र है। उन्होने कहा कि रोगियों की सेवा करते समय कई बार नर्सों को एक अच्छे अभिभावक की तरह भी जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। उन्होंने इस पेशे में संयम और मृदु व्यवहार की आवश्यकता बतायी और कहा कि इस प्रशिक्षण से नर्सिंग अधिकारी अपने ज्ञान और कौशल को बेहतर बनाकर रोगियों को और अच्छी देखभाल प्रदान कर सकेंगे। डीन एकेडेमिक प्रो. सौरभ वार्ष्णेय ने नर्सिंग पेशे को अस्पताल की रीढ़ बताया। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी. सत्या श्री ने इस पेशे को एक चुनौतीपूर्ण पेशा बताया। कार्यक्रम को संस्थान के उप निदेशक (प्रशासन) ले. कर्नल गोपाल मेहरा, डीन रिसर्च प्रो. शैलेन्द्र हाण्डू, प्रो. स्मृति अरोड़ा आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान मुख्य नर्सिंग अधिकारी डॉ. अनिता रानी कंसल ने पूरे सप्ताह तक चलने वाले इंडक्शन प्रोग्राम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में डीएमएस डॉ. रवि कुमार, पीआरओ डॉ. श्रीलोय मोहन्ती, उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी कमांडेंट अनिल चन्द्र सहित सभी डीएनएस, एएनएस और एसएनओ व नर्सिंग अधिकारी मौजूद रहे।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद





शहज़ाद अहमद
जिला महासचिव बिजनौर
( आजाद समाज पार्टी कां. )
पूर्व चेयरमैन, झालू न.पा. ( बिजनौर )
सम्भावित प्रत्याशी 22-विधानसभा, बिजनौर
चौबीसवां रोजा : शनिवार, 14 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:28, शिया 6:37
पच्चीसवां रोजा : रविवार, 15 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:03, शिया-4:57
शहजाद अहमद

# भाजपा सरकार की विदेश नीति फेल - माहरा

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य करन माहरा ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की विदेश नीति उसकी ताकत, स्वाभिमान और अंतरराष्ट्रीय सम्मान का प्रतीक होती है, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार ने भारत की विदेश नीति को कमजोर और भ्रमित स्थिति में ला खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि दशकों से भारत के साथ मजबूत मित्रता निभाने वाले देश जैसे रूस और ईरान के साथ भारत के संबंध संतुलित और सम्मानजनक रहे हैं। इन देशों के साथ भारत ने हमेशा आपसी सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा और सामरिक साझेदारी को मजबूत किया था, लेकिन आज ऐसा प्रतीत होता है कि प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी की सरकार ने भारत की स्वतंत्र विदेश नीति को कमजोर कर दिया है और अमेरिका के सामने झुकाव की नीति अपना ली है।

माहरा ने कहा कि आज हालात ऐसे बनते जा रहे हैं मानो भारत की विदेश नीति का रिमोट कंट्रोल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हाथ में चला गया हो, जिसके कारण भारत के पारंपरिक मित्र देशों के साथ रिश्तों में दूरी बढ़ती दिखाई दे रही है। यह स्थिति भारत जैसे मजबूत और स्वतंत्र देश की विदेश नीति के लिए चिंताजनक है।


## विपक्ष की आवाज़ को दबाया जा रहा

उन्होंने कहा कि दूसरी ओर देश के भीतर आम जनता महंगाई की मार से कराह रही है। आज स्थिति यह है कि लोग गैस सिलेंडर जैसी बुनियादी जरूरत के लिए लंबी-लंबी लाइनों में खड़े होने को मजबूर हैं। रसोई गैस की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आम आदमी की रसोई पर सीधा असर पड़ रहा है। जो सरकार 'अच्छे दिनों' का सपना दिखाकर सत्ता में आई थी, वही सरकार आज आम लोगों के लिए रसोई तक महंगी कर चुकी है।

माहरा ने कहा कि सबसे चिंताजनक बात यह है कि जब विपक्ष इन गंभीर मुद्दों को संसद में उठाने की कोशिश करता है, तब सरकार लोकतंत्र की आवाज को दबाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी संसद में देश की जनता से जुड़े मुद्दों-महंगाई, बेरोजगारी और गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों पर चर्चा करना चाहते हैं, तो उन्हें बोलने तक का मौका नहीं दिया जाता। संसद लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंच है, लेकिन वहां विपक्ष की आवाज को दबाना लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है।

# माता सुदीक्षा महाराज का जन्मोत्सव मनाया

## 50 स्थानों पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया



माता सुदीक्षा महाराज

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में, सतगुरु माता जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में संत निरंकारी हेल्थ सिटी के सौजन्य से दिल्ली-एनसीआर के लगभग 50 स्थानों पर भव्य स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि यह विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर 15 मार्च 2026 तक प्रातः 7 से 11 बजे तक आयोजित किये जाएंगे। इन शिविरों में स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न जांचें की जाएंगी। ब्लड शुगर, रक्तचाप (बी.पी.) जैसी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी, जबकि संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण के लिए केवल न्यूनतम शुल्क निर्धारित किया गया है। स्वास्थ्य शिविरों का लाभ पट्ठीकल्याणा, पांच्ची गुजरान, मंडोरा गांव और भोडवाल मांजरी के निवासियों सहित हजारों नागरिकों तथा समाज के विभिन्न समुदायों को प्राप्त होगा।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।
सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी।
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# रिक्शा चालक ने बच्ची के साथ की अश्लील हरकतें

**मंडावर ( चिंगारी )।** मंडावर के मोहल्ला शाहविलायत निवासी अंजार ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उनकी 8 वर्षीय बच्ची बृहस्पतिवार देर शाम करीब 9 बजे घर के बाहर खड़ी थी, तब शकील अहमद रिक्शा चालक आया और बच्ची को बहला-फुसलाकर अपनी रिक्शा में ले गया। जैसे ही वह इनामपुरा रोड पर संत पॉल्स स्कूल के पास पहुंचा और बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने लगा, बच्ची मौका देख रिक्शे से कूद गई जिससे उसके चोट आई। वह अपने घर पहुंची और अपनी मां से पूरी घटना बताई। घटना के बाद परिजनों द्वारा रिक्शा चालक के घर जाकर विरोध जताया तो आरोप है शकील, शब्बू, सुहैल, जैद आदि ने बच्ची के पिता के साथ मारपीट की जिसके बाद बच्ची के पिता ने थाने में तहरीर दी। वहीं थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि बच्ची के पिता की ओर से तहरीर मिली है उसका मेडिकल करा दिया गया है। जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## डॉ. के.के. सिंह को मिलेगा कृषि वैज्ञानिक सम्मान

**नगीना (चिंगारी)।** कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी अधिकारी डॉ. के.के.सिंह को उ.प्र. कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश कृषि वैज्ञानिक सम्मान योजना 2025-26 के अन्तर्गत विशिष्ट वैज्ञानिक पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है। डॉ. सिंह को यह पुरस्कार जनपद में नवीनतम कृषि तकनीक प्रसार हेतु दिया गया है। डॉ.के.के.सिंह को यह पुरस्कार अप्रैल माह में आयोजित हो रहे उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चरल साइंस कांग्रेस में दिया जायेगा।


## आवश्यकता है

चौ. हरनाम सिंह इंटर कॉलेज चंदोक ( बिजनौर ) में सभी विषयों- हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, चित्रकला, जीव विज्ञान विषयों के अध्यापन हेतु योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों की आवश्यकता है। शैक्षिक प्रमाण-पत्रों सहित दिनांक 28/03/2026 दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे साक्षात्कार के लिये उपस्थित हों। वेतन योग्यतानुसार तथा यात्रा मार्ग व्यय अदेय होगा।

प्रधानाचार्य
चौ. हरनाम सिंह इंटर कॉलेज
चंदोक ( बिजनौर ) मो. 9917126596

## आवश्यकता है

Hero
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
( हीरो मोटो कॉर्प शोरूम )

हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679

## आवश्यकता है

हल्दौर में एक प्रतिष्ठित फर्म के लिए कुशल हेल्पर और कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है।
योग्य व्यक्ति तुरंत संपर्क करें।
मो- 8191819148

## बिकाऊ है

तीन दुकानें 10X33 फीट फर्स्ट फ्लोर, एक हॉल 20X30 फीट एवं 400 वर्ग गज प्लॉट, नेहरु स्टेडियम के सामने, पार्वती निवास, चैतन्य कॉम्पलैक्स में बिकाऊ है।
सम्पर्क करें-
6395709896, 9412714583

Kajaria Exculsive Showroom
Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जोसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

बिजनौर जनपद में
एक मात्र CEAT TYRE STOP
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर
लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी
कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग
टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन





ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION | UNCONDITIONAL WARRANTY * | COMPUTERISED TYRE SERVICE
Authorised Dealer : CEAT Ltd.
*नियम व शर्तें लागू
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312

किराये हेतु एक हॉल लगभग 1600 वर्ग फीट
निकट इंडियन बैंक किरतपुर रोड, बिजनौर
800 वर्ग फीट का एक हॉल नगीना रोड, बिजनौर

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना



"सिंदूरी"

योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।

हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।

हमारे अचीवर्स




BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928